हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 36.6 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

हड़ताल से चरमराई बिजली व्यवस्था, सुधार के दिए निर्देश 12



नेवता भोजन पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे 13





## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## योजना : 336 करोड़ से पाइनलाइन बिछाने का कार्य लगभग पूरा

# शिवनाथ से बीएसपी को पानी, खरखरा व गंगरेल से 54 एमसीएम की होगी बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

अलग खबर

भिलाई इस्पात संयंत्र को गंगरेल और खरखरा जलाशय से पानी मिलता रहा है लेकिन अब शिवनाथ नदी से भी पानी मिलेगा। शिवनाथ नदी से पानी लेने से 60 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी की बचत इन जलाशयों में होगी। खास बात यह है कि बारिश के तीन महीने तक इतना पानी बेकार चला जाता था। जिसे उपयोग करने के लिए इस कार्ययोजना को अंजाम दिया जा रहा है।



बीएसपी मरोदा बांध से पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछाने के बाद क्रांकीटीकरण का कार्य।

### प्रोजेक्ट से ये दो प्रमुख फायदे

**1 वर्षा का बेकार जल का सदुपयोग**

वर्षा ऋतु के तीन महीने में शिवनाथ नदी का जलस्तर काफी ऊंचा चला जाता है। एनीकट से 10 से 15 फीट ऊपर पानी बहता है। शिवनाथ नदी के आसपास कैचमेंट एरिया है। इस कैचमेंट एरिया में बारिश समाप्त हो जाने के बाद भी पानी भरा रहता है। इस पानी का उपयोग पहले नहीं हो पाता था। इस प्रोजेक्ट से बारिश के जल क सदुपयोग किया जा सकेगा।

**2 टाउनशिप के लोगों को पर्याप्त पानी**

बीएसपी का स्वयं का मरोदा बांध है। इस बांध में जलाशयों का पानी स्टोर होता है। इस स्टोरेज पानी का उपयोग औद्योगिक किया जाता है। दूसरा टाउनशिप के लोगों को पेयजल के लिए पानी देते हैं। जलाशयों में पानी की कमी होने की वजह से कई बार बीएसपी को अनुबंध के बाद भी पानी संकट का सामना करना पड़ता है। खासकर टाउनशिप के लोगों को पर्याप्त पानी नहीं दे पाते थे। यह समस्या सुलझ जाएगी।

### शिवनाथ से आएगा 54 मिलियन घनमीटर पानी

शिवनाथ नदी से भिलाई इस्पात संयंत्र को 54 मिलियन घन मीटर पानी मिलेगा। अनुबंध के हिसाब से बीएसपी को 130 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी की जरूरत पड़ती है। जिसे बालोद जिले के खरखरा और धमतरी जिले के गंगरेल जलाशय से लिया जा रहा है। पानी के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र हर साल 12 करोड़ रुपए खर्च करती है। जल संसाधन विभाग और बीएसपी के बीच इस साल के लिए यह अनुबंध हुआ है।



### 18 किमी तक पाइन लाइन बिछी

इस प्रोजेक्ट में शिवनाथ नदी से बीएसपी तक पानी लाने के लिए 18 किलोमीटर लम्बी पाईप लाईन बिछा ली गई है। तांदुला जल संसाधन विभाग के मार्गदर्शन में यह परियोजना को कोल्हापुर की कंपनी द्वारा इस कार्य को किया गया है। शिवनाथ नदी से पुलगांव, आदर्शनगर, बोरसी, रिसाली, टंकी मरोदा होते हुए इसे संयंत्र स्थित बांध तक पाइप लाइन बिछा ली गई है।मरोदा ओवरब्रिज के बाजू सड़क के बीच पाइपलाइन डाल दिया गया है। जहां कांक्रीटीकरण का कार्य ही शेष है। उसके बाद यहां का पाइप लाइन जोड़ने का कार्य होना है।

**जुलाई से पानी देना शुरू होगा**

शिवनाथ नदी से बीएसपी को पानी पहुंचाने का प्रोजेक्ट पूर्णता की ओर है। जुलाई महीने से नदी से संयंत्र को पानी देना शुरू कर देंगे। बीएसपी द्वारा पानी लेने से शिवनाथ नदी के कैचमेंच एरिया में बारिश का पानी बेकार चला जाता था उसका सदुपयोग कर सकेंगे। जलाशयों से बीएसपी पानी लेता है वहां भी बचत होगी।

-**आशुतोष सारस्वत,** ईई जल संसाधन विभाग

# विधायक प्रतिनिधि के घर पहुंची सीबीआई, फोटोग्राफी कर लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शुक्रवार को सीबीआई की टीम विधायक प्रतिनिधि के घर पहुंची और फोटोग्राफी कर लौट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सीबीआई टीम एक मामले की जांच में खुर्सीपार स्थित राकेश उर्फ भोलू श्रीवास्तव के घर दल बल के साथ पहुंची। टीम ने बिना कोई पूछताछ किए भोलू के घर की लोकेशन और फोटोग्राफी कर चली गई है। राकेश उर्फ भोलू श्रीवास्तव भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का नगर पालिक निगम भिलाई में प्रतिनिधि है। वह भिलाई निगम की सामान्य सभा, बजट बैठक और अन्य कार्यों में विधायक प्रतिनिधि के रूप में शामिल होता रहा है। पुलिस टीम के साथ पहुंची सीबीआई को देख कर आस पास के लोगों में हड़कंप सी मच गई। सीबीआई महादेव आनलाईन सट्टा मामले में हाल ही में भिलाई-दुर्ग के दर्जन भर से अधिक लोगों के यहां दबिश दी थी। जिसमें पूर्व सीएम उनके दोनों ओएसडी और तीन पुलिस अफसर के यहां पहुंची थी। ऑनलाइन महादेव सट्टा को लेकर टीम विधायक प्रतिनिधि के यहां पहुंची थी। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि सीबीआई की टीम भोलू के यहां पहुंची थी। मकान की फोटोग्राफी कर लौट गई है।






## खबर संक्षेप

### म्यूल खाते ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** म्यूल खाते मामले में सायबर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक राम नगर सुपेला के 11 बैंक खाता धारको के हुई शिकायत पर पुलिस ने जांच किया। साक्षरता चौक, केम्प 1 वार्ड 19 निवासी रितेश कुमार साहू के उक्त खाता में जिला चिक्काबा लापुरा कर्नाट का से ऑनलाइन ठगी की शिकायत हुई थी। रितेश के बैंक खाता का अवलोकन करने पर कुल 89 हजार तीन सौ रुपए ठगी होना पता चला। वहीं दूसरी घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। जहां एचआईजी 61 न्यू बोरसी दुर्ग निवासी रोहित कुमार बागड़ी म्यूल खाता का उपयोग कर ठगी किया था। उक्त मामला कर्नाटक बैंक स्टेशन रोड का है। जहां 111 खाता धारकों के खाते में 86 लाख 33 हजार 247 रुपए अवैध रुपए से ट्रांजेक्शन हुए थे। इसे लेकर पुलिस को अब तक 35 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिसकी शिकायत केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मोहन नगर पुलिस में की गई थी। उसके बाद ही पुलिस हरकत में आई और लगातार गिरफ्तारी कर रही है।

## कैंप 2 के युवक ने लगाया गंभीर आरोप

# उप सभापति पर महादेव पैनल चलाने का आरोप, युवक के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम के कांग्रेस पार्षद और उप-सभापति मन्नान खान पर महादेव सट्टा पैनल चलाने का आरोप लगा है। आरोप लगाने वाला कैंप 2 चटाई क्वार्टर निवासी उत्तम सिंह उर्फ बॉबी है। आरोप है कि पार्षद मन्नान खान और उसका भाई मिलकर महादेव का पैनल चलाते हैं। उसने दावा यह भी किया कि उसका बैंक अकाउंट चेक करने पर यह साफ हो जाएगा कि मन्नान और उसके भाई पैनल चलाते हैं। युवक ने बताया कि उसकी मन्नान और उसके भाई जोहेब और सद्दाम के साथ अच्छी दोस्ती थी। उनका अक्सर घर के पास बाजार में उठना बैठना होता था। दो महीने पहले मन्नान ने उससे उसका बैंक अकाउंट मांगा था। उसने कहा कि कुछ पैसे मंगाना है, 2-3 दिन में वापस दे देगा। बॉबी ने आरोप लगाया कि मन्नान को अकाउंट और पासवर्ड दे दिया। कुछ दिन पहले बॉबी के पास बैंक ऑफ इंडिया से फोन आया कि खाते में दो महीने के भीतर लाखों का ट्रांजेक्शन हुआ है। उन्हें शक है कि गलत तरीके से पैसे आ रहे हैं। वापस आने के बाद उसने मन्नान और उसके भाइयों से उसका बैंक अकाउंट देने को कहा। उसने आरोप लगाया कि तुम लोग उसके खाते में महादेव सट्टा का पैसा मंगाते हो। इस पर वो लोग विवाद करने लगा।



### सीसी कैमरा बंद कर कमरे में पीटा

बताया जा रहा है कि अकाउंट नहीं देने से नाराज होकर बॉबी ने आधार फिंगर प्रिंट के जरिए अपने दिए खाते से 10 हजार रुपए निकाल लिए। इसकी जानकारी होने पर मन्नान ने उससे विनाद किया। बुधवार शाम को वो अपने भाई और दोस्तों के साथ पहुंचा और बॉबी को पकड़कर पास स्थित मुबीन पर्दा क्लाथ स्टोर लेकर गए।दुकान जाने पर मन्नान ने मुबीन को बोला कि सीसीटीवी कैमरा बंद कर दे। कैमरा बंद होने के बाद उन लोगों ने बॉबी को बुरी तरह पीटा। जब बॉबी की मां बेटे को बचाने गई तो उन लोगों ने उसे भी धक्का देकर वहां से भगा दिया।

### मारपीट का मामला किया दर्ज

छावनी पुलिस ने बताया कि केम्प 2 चटाई क्वाटर निवासी उत्तम सिंह बीएसपी प्लांट में ठेकेदारी में मजदूरी काम करता है। बुधवार को महावीर भवन के पास मुबिन पर्दा क्लाथ के सामने पार्षद मन्नान, मुबिन, जोहेब तीनो मिलकर आपसी लेन देन को लेकर गाली गलौज कर मारपीट किया। घटना में बाएं हाथ, सिर के पीछे और दाएं पसली में अंदरूनी चोटे आई है। पीड़ित चाय पीने मार्केट गया था तभी जोहेब का फोन आया कि मुबीन के दुकान के पास आओ। पीड़ित पहुंचा तो पार्षद मन्नान खान, मुबीन और जोहेब ने पैसो की बात पर गाली गलौज कर मारपीट करना शुरु कर दिया। गटना में सिर के पीछे चोट आई है।

### सारे आरोप गलत है: मन्नान

महादेव सट्टे को लेकर उप सभापति व पार्षद मन्नान खान को कॉल लगाया गया तो उसने कहा कि सारे आरोपो गलत है। इसके अलावा उसने कहा कि महादेव सट्टे से उसका कोई नाता नहीं है। बॉबी नशे में था भाई को चाकू लेकर धमकी दी थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। जो भी आरोप लग रहा है गलत और बेबुनियाद है।

### जांच किया जा रहा है

मारपीट और धमकी की शिकायत करने पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। खातो के लेकर जांच किया जाएगा। उसमें जो भी तथ्य सामने आएगें पुलिस उसी आधार पर कार्रवाई करेगी।

**हरिश पाटिल,** सीएसपी छावनी

## भाजपा में पांच पार्षदों के जाने के बाद स्थिति विकट

# बिना बहुमत सत्ता पक्ष, रिसाली निगम का बजट आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली का बजट 4 अप्रैल को महापौर शशि सिन्हा सुबह 11 बजे निगम सभागार में प्रस्तुत करेंगी। सभा का संचालन सभापति केशव बंछोर करेंगे। इस बजट के दौरान खास बात यह रहेगी कि इस बार सत्ता पक्ष व विपक्ष के पार्षदों की संख्या बराबर है। यानी कुल 40 पार्षदों में 20 कांग्रेस के और 20 भाजपा के पार्षद हैं। इस स्थिति में बजट के प्रस्तावों को पास करने के लिए महापौर को नई समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इस बार विपक्षी पार्षद बजट में अनावश्यक खर्च को शामिल किए जाने का पुरजोर विरोध करने की रणनीति बनाई है। पिछले सत्र यानी वर्ष 2024-25 के कार्यों व खर्चे को लेकर भी विपक्ष महापौर को घेरने की तैयारी में है। एमआईसी के दो सदस्यों के इस्तीफे के बाद उनकी जगह सत्ता पक्ष ने किसी पार्षद को जगह नहीं दी है। सफाई और पेयजल मुद्दे पर बजट में हंगामे की स्थिति भी निर्मित हो सकती है। पिछली बार बजट में सफाई का टेंडर विपक्षी पार्षदों के बहुमत से पारित हो गया था। महापौर और एमआईसी के विरोध के बाद भी सफाई टेंडर जनहित बताते हुए पारित किया गया।




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

खबर संक्षेप

## 30 जून तक नलकूप खनन पर प्रतिबंध



दुर्ग। जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 30 जून 2025 अथवा मानसून के आगमन तक (दोनों में से जो बाद में आये उस तिथि तक) की अवधि के लिए दुर्ग जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत जिले में उक्त दर्शित अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं करेगा। शासकीय/अर्धशासकीय/नगरीय निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्राधिकार सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, परन्तु वे भी निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला दुर्ग के संपूर्ण नगर निगम सीमा के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु प्राधिकृत अधिकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दुर्ग होंगे। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु प्राधिकृत अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी. (रा.) दुर्ग को, छावनी भिलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी भिलाई को, राजस्व अनुविभाग धमधा के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) धमधा को, राजस्व अनुविभाग पाटन के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) पाटन को, राजस्व अनुविभाग भिलाई-3 के तहत आने वाले क्षेत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) भिलाई-3 को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। समस्त प्राधिकृत अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे। बोरवेल खनन अथवा बोरवेल मरम्मत का कार्य पंजीकृत बोरवेल एजेंसी द्वारा ही किया जायेगा। किसी भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करते पाए जाने पर उसके विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, कर्ज पटाने की भी बढ़ी चिंता

# जलस्तर गिरने से धान की फसल पर संकट, किसान खेतों में छोड़ रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

*रबि सीजन में इस बार किसानों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। जलस्तर गिरने से बोरवेल्स से जहां खेतों में सिंचाई कार्य ठप हो गया हैं, वहीं हताश किसान अब फसल को मवेशियों के हवाले कर रहे हैं। इस बार मार्च माह में जिले में बीस मीटर तक जलस्तर नीचे चला गया है।*

इससे न सिर्फ गांव में हैंडपंप बल्कि सिंचाई वाले बोरवेल्स से भी पानी आना बंद हो गया हैं। रबि फसल के लिए किसानों ने जनवरी माह में ही खेती कार्य शुरू कर दी थी। मार्च माह में फसल के बीच में जलस्तर गिरने से किसान परेशान है। जानकारी अनुसार धमधा ब्लाक में इस तरह की ज्यादा शिकायते सामने आ रही हैं। ग्राम परसुली के किसान गणेश पटेल ने बताया कि उन्होने इस बार तीन एकड में धान की फसल लगाई थी। लेकिन बोर से पानी आना बंद हो गया है। इसी तरह अरसनारा के किसान टंकेश वर्मा ने बताया कि बोरवेल्स के बंद होने से साढे चार एकड में फसल सूख गया है। ऐसे में दोनो किसानों ने फसल को मवेशियों के हवाले कर दिया हैं। जानकारी अनुसार दुर्ग जिलो में बालोद के तांदुला, खरखरा से मुख्यतौर पर निस्तारी के लिए पानी छोडा जाता है। विभाग के अफसरों ने बताया कि, जलाशय में तीस फीसदी पानी पहले ही रिजर्व किया जाता है।

समोदा के किसानों ने खेतों में छोड़े मवेशी



### ढाई सौ फीट में पानी नहीं

ननकट्टी के किसान रबि ताम्रकार ने बताया कि, उन्होने दस एकड में धान की फसल लगाई हैं। तीन बोरवेल्स से सिंचाई का पानी आना बंद हो गया हैं। उन्होने बताया कि, ढाई सौ फीट में भी पानी नही मिल रहा हैं। ऐसे में उनके सामने फसल को बचाने चुनौती हो गया हैं। बहरहाल लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। धमधा में स्थिति ज्यादा खराब है।

### पहली बार बिगड़े हालात

इस बार रबि सीजन में जलस्तर गिरने का असर जिलेभर में सामने आने लगा हैं। प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि, हर साल मई माह में सिंचाई की समस्या होती थी। लेकिन इस बार मार्च माह में ही जलस्तर गिरने से फसल पर संकट मंडराने लगा हैं। यही कारण है कि, किसान फसल को मवेशियों के हवाले कर रहे हैं।

### जलाशय भी सूखे

बोरवेल्स के सूखने के बाद किसान जलाशयों से भी पानी छोडने की मांग नही कर पा रहे है। जल संसाधन विभाग के ईई आशुतोष सारस्वत ने बताया कि, जलाशयों के पानी को निस्तारी के लिए ही उपयोग करने के निर्देश है। वैसे भी जिले में जलाशयों में पानी स्टोर बेहद कम है। जिसके चलते सिंचाई के लिए पानी नही छोड जा सकता हैं।

### जलाशयों में जल भराव की स्थिति

| | |
|---|---|
| तांदुला टैंक | 38.60% |
| गोंदली टैंक- | 52.21% |
| खरखरा टैंक- | 33.27% |
| खपरी जलाशय- | 40.66% |
| मरौदा टैंक- | 33.30% |

आबकारी विभाग ने शुरू की प्रक्रिया

# 40 से अधिक शराब दुकानों में अहाते की होगी नीलामी



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

वित्तिय वर्ष के नए सत्र में शराब प्रेमियों को आहता की सुविधा देने के लिए आबकारी विभाग द्वारा नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आगामी 11 अप्रैल तक आहतों की नीलामी के लिए आवेदन मांगे गए है। जानकारी अनुसार पिछले साल चालीस से अधिक देशी व विदेशी शराब दुकानों में आहतों की नीलामी की गई थी। ठेके की अवधि विगत 31 मार्च 2024 को पूरी हो गई है। ठेके की अवधि पूरी होने के बाद आबकारी विभाग ने नए सिरे से आनलाइन टेंडर प्रक्रिया जारी कर दी है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त सीआर साहू ने बताया कि, इस बार भी पिछले साल किए गए टेंडर के अनुसार ही मापदंड निर्धारित किए गए हैं।

- जिलेभर में नए सिरे से जारी होगी आहतों की नीलामी की प्रक्रिया

जानकारी अनुसार आहते के लिए टेंडर में भाग लेने वाले निविदाकारों द्वारा जितनी बोली लगाई जाएगी, उतनी राशि का पांच फीसदी राशि विभाग के समक्ष जमा करना होगा।

### बेसरेट निर्धारित किए जाएंगे

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, जिले में संचालित हो रहे सभी देशी और विदेशी दुकानों की नीलामी के लिए बेसरेट निर्धारित किए जाएंगे। इससे बढकर बोली लगाने वालों को ही आहते का आबंटन किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि, आगामी 11 अप्रैल तक आनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। जिसके बाद टेंडर खोली जाएगी।

जलसंरक्षण पर संभागायुक्त ने की मैराथन बैठक

# सरकारी आवासों में गृह प्रवेश को प्राथमिकता दें: सत्यनारायण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने गुरुवार को संभाग स्तर पर नगर पालिक निगमों की समीक्षा बैठक की, जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। समीक्षा में ग्रीष्म काल में जल प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और सिटी डेवलपमेंट प्लान जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। ग्रीष्म काल में जल प्रबंधन के संदर्भ में श्री राठौर ने जल की बढ़ती खपत और जल स्त्रोतों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए वर्षा जल संचयन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जलाशयों और कुओं में पानी इकट्ठा करने की प्रणाली स्थापित करने की बात की ताकि जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को जलाशयों की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने सार्वजनिक जल उपयोगकर्ताओं को पानी बचाने के लिए जागरूक करने का महत्व बताया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राठौर ने अपूर्ण और पूर्ण आवासों की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्माणाधीन आवासों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उन आवासों में गृह प्रवेश को भी प्राथमिकता देने की बात की जो पहले ही पूर्ण हो चुके हैं।

- सरकारी योजनाओं की समीक्षा की



## विकास कार्यों के लिए 14.62 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विस निर्वाचन क्षेत्र वैशाली नगर विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 14 लाख 62 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा क्षेत्र वैशाली नगर के लिए विधायक रिकेश सेन द्वारा अनुशंसित कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई तथा कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वैशाली नगर के जुनवानी खम्हरिया भाठा बौली तालाब के पास तथा फौजी नगर में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5-5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्ड 20 के लोकांगन परिसर में 3 नग वाटर कूलर विथ आरो के लिए 3 लाख 50 हजार तथा जैन श्वेताम्बर शांतिनगर के सामने सबमर्सिबल पंप सहित 01 नग बोर खनन हेतु 1 लाख 12 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# हड़ताल से चरमराई बिजली व्यवस्था, सुधार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



महापौर अलका बाघमार एवं विद्युत व यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर द्वारा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि ईईएसएल के कर्मचारी हड़ताल में होने के कारण शहर की विद्युत व्यवस्था वर्तमान में ज्यादा प्रभावित हुई है। इसकी गम्भीरता को समझते हुए विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए महापौर और विभाग के प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने आयुक्त से बात कर जल्दी से जल्दी इसका निराकरण करने के लिए नियमानुसार कलेक्टर दर पर या ठेके पर जिसमे जल्दी से कार्य पूर्ण हो, कुछ समय के लिए कर्मचारी विद्युत सडक बत्ती व्यवस्था हेतु नियुक्त करवाने आदेशित किया। एजेंसी को निरस्त करने शासन को पत्र जारी कर विभाग को मेंटेनेंस कार्य के अनुमति मांगी जा रही है। जिससे बंद लाइट का मरमत जल्द से जल्द किया जा सके। आगामी समय पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था हेतु तैयारी करने के भी निर्देश दिए गए। प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने कहा पुरानी गाड़ियों की नीलामी हेतु नियमानुसार प्रक्रिया करने के निर्देश दिया। वाहन शाखा के समस्त कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा, जो वाहन शाखा के में पदस्थ है और दूसरे विभागों में भी कार्यरत हैं।

- विद्युत, यांत्रिकी अग्निशमन विभाग की समीक्षा बैठक ली

विवि की जारी है वार्षिक परीक्षा

# उड़नदस्ता की टीम ने पकड़े 48 नकल प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की वार्षिक परीक्षा 2024-25 विभिन्न महाविद्यालयों में जारी हैं। जिसमें नकल प्रकरणों के रोकथाम एवं परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दो उड़नदस्ता टीम की गठन किया गया हैं। जिसमें खेल संचालक डा. दिनेश कुमार नामदेव, डा. नरेशधर दिवान क्रीड़ाधिकारी, शासकीय महाविद्यालय, जामगांव-आर, अमरिक सिंह पूर्व क्रीड़ाधिकारी, डा. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी, शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग, डा. रमेश त्रिपाठी क्रीड़ाधिकारी, शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3, डा. अल्का मिश्रा सहायक प्रोफेसर, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग हैं। डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय उड़नदस्ता टीम ने लगातार निरीक्षण कर रहे है। जिसमें अभीतक नकल प्रकरणों में शासकीय आचार्य पंथ गृथमुनी नामसाहेब महाविद्यालय कवर्धा में 5, शासकीय विश्वनाथ तामस्कर यादव महाविद्यालय दुर्ग 5, शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग में 3, शासकीय महाविद्यालय साजा में 3, भिलाई महिला महाविद्यालय में 03, शासकीय रश्मिदेवी महाविद्यालय खैरागढ़ में 3, शासकीय जवाहर लाल नेहरू पीजी महाविद्याल बेमेतरा 2 शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में 02 श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में 2 सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग 2, शासकीय कन्या महाविद्यालय कवर्धा में 2, सेजम माडल कालेज सोमनी में 2, शासकीय महाविद्यालय अम्बागढ़ चैकी में 2, शासकीय महाविद्यालय पाण्डातराई में 2 तथा विभिन्न महाविद्यालयों में 01-01 नकल पकड़ा गया। इस प्रकार कुल 48 नकल प्रकरण बनाया गया। विश्वविद्यालय उड़नदस्ता समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र में विषय से संबंधित उत्तर लिखे हुए मिले, बोर्ड में पेसिंल से लिखे मिले, रूमाल में संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखे मिले, हथेली में प्रश्न से संबंधित उत्तर लिखे मिले, पुराने प्रश्न पत्र के अंदर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखे मिले व जेब में पर्ची तथा मोबाईल से भी नकल करते पाया गया। उड़नदस्ता समिति द्वारा परीक्षार्थियों को नकल प्रकरण के संबंध में समझाईस भी दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय उड़नदस्ता समिति द्वारा आगे भी विभिन्न महाविद्यालयों की निरीक्षण जारी रहेगें।

- अचानक टीम की दस्तक से मची रही खलबली

## कला मंदिर में कार्यशाला आज

दुर्ग। औद्योगिक विकास नीति 2024-30, रैमपी योजना एवं उपयोगकर्ता प्रतिक्रिया और संवेदीकरण के तहत व्यापार करने में आसानी के लिए कार्यशाला का आयोजन 04 अप्रैल 2025 को दोपहर 12 बजे कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक के अनुसार कलेक्टर दुर्ग की अध्यक्षता व उद्योग संचालनालय रायपुर के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न औद्योगिक समूह भी सम्मिलित होंगे।

## वार्ड 32 में टंकी निर्माण करने अनुमति मांगी

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बनियापारा वार्ड क्रमांक 32 स्थित टंकी निर्माण कार्य किये जाना प्रस्तावित है। आज महापौर अलका बाघमार द्वारा स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, विद्युत-यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर के साथ निरीक्षण कर लोगो से रूबरू होते हुए कहा कि, बनिया पारा क्षेत्र में पानी की किल्लत को ध्यान में रखते हुए नई पानी टंकी का निर्माण किया जाना अतिआवश्यक है। नई पानी टंकी निर्माण होने से बनिया पारा सहित अन्य वार्ड क्षेत्र के निवासियों को भरपूर पानी मिलेगा। निरीक्षण के बाद शाला भवन में नई पानी टंकी को लेकर अनुमति के लिए एवं कार्य प्रारंभ करने सहित अनापत्ति प्रदान के लिए आज शाम को महापौर अलका बाघमार द्वारा कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर चर्चा करते हुए आग्रह किया। महापौर ने बताया कि शिक्षक नगर पुराने पानी टंकी के स्थान पर 1500 (केएल) का उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कर प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि, पूर्व में विधायक गजेंद्र यादव के द्वारा स्थल निरीक्षण कर उक्त निर्माण कार्य शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बनियापारा के परिसर में ही नई पानी टंकी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, विद्युत यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, जितेंद्र सिंह राजपूत मौजूद रहें।

## झपटमारी का आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव। युवती से मोबाइल की झपटमारी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक के खिलाफ कार्रवाई की है। घटना में प्रयुक्त मोपेड भी जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया 2 अप्रैल को सुबह 8.30 हाथ में मोबाइल को पकड़कर अपनी सहेली के साथ कोचिंग से छूटकर गौरव पथ रोड पर पैदल जा रही थी, तभी ऊर्जा पार्क के आगे पहुंची थी कि 2 अज्ञात व्यक्ति एक्टिवा काला रंग से आकर पीछे से प्रार्थिया के हाथ में रखे विवो कंपनी के मोबाइल को झपटमारी कर भाग गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 304 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

जलकार्य विभाग प्रभारी लीना देवांगन ने संभाला पदभार, आते ही जारी किया आदेश

# शहर में 20 लाख खर्च कर दूर करेंगे लीकेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जल विभाग के प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने कहा कि, शहर में पाइपलाइन लिंकेज की लगातार समस्या आने की शिकायत के बाद राज्य शासन को बीस लाख रूपए का प्रस्ताव भेजा गया हैं। राशि मिलने के बाद शहर में पाइप लाइन में लिकेज की समस्या दूर हो जाएगी।जल विभाग के प्रभारी ने बताया कि, शहर में बोरसी के विराटनगर, पोटिया, शक्तिनगर के अलावा अन्य क्षेत्र में पेयजल पाईप लाईन में लीकेज की शिकायत मिली है। इन लीकेजों के संधारण के लिए 20 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। लीकेज का संधारण एक साथ किया जाएगा। जिसके लिए शटडाउन भी करना पड़ेगा। श्रीमती देवांगन ने बताया कि, पेयजल संकट के समाधान के लिए शहर के कुछ स्थानों पर नई पानी टंकी निर्माण प्रस्तावित है। इनमें से एक शिक्षक नगर में नई पानी टंकी का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए शासकीय प्रक्रिया जारी है। शिक्षक नगर क्षेत्र में नई पानी टंकी निर्माण से आसपास के वार्डों में पेयजल संकट का समाधान हो जाएगा। इसके अलावा उन्होने मिलपारा में निर्मित नई पानी टंकी से पेयजल सप्लाई नहीं होने पर कहा कि, पानी टंकी से लीकेज की शिकायत मिली है। अगर संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य में लापरवाही बरती है, तो इसकी जांच करवाई जाएगी। जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने कहा है कि, जलकार्य विभाग द्वारा पेयजल संकट से निपटने वृहद् योजना तैयार की जा रही है। जिससे अब शहर में पेयजल संकट को लेकर मटका फोड़ने की नौबत नहीं आएगी।



### किस्तों में लिए जाएंगे जलकर की राशि

जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने अमृत मिशन योजना के नाम पर तीन-तीन वर्ष का एक साथ टैक्स लेने की शिकायत मिली है। ऐसी शिकायतों की जांच करवाई जाएगी और करदाताओं पर बोझ न हो इसके लिए उनसे किस्तों में राशि ली जाएगी। पदभार ग्रहण करने उपरांत जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन को एमआईसी सदस्य मनीष साहू, शशि साहू, पार्षद संजय अग्रवाल, अब्दुल खालिक, कुलेश्वर साहू, गोविंद देवांगन, मनोज सोनी, साजन जोसेफ गुलशन साहू, हिरौंदी चंदानिया, गुलाब वर्मा, मनीष कुमार कोठारी, पूर्व पार्षद शिवेन्द्र परिहार के अलावा भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### जलघर से संचालित होगें विभाग के कार्य

नगर निगम की जलकार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन द्वारा गुरुवार को बस स्टैण्ड स्थित जलगृह विभाग के अपने कक्ष में विधिवत पूजा-अर्चना कर पदभार संभाला गया। इस दौरान महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, निलेश अग्रवाल, काशीराम कोसरे लीलाधर पाल, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, भाजपा नेता अजय तिवारी विशेष रुप से मौजूद रहे। नगर निगम के 12 में से 11 एमआईसी सदस्यों द्वारा 1 अप्रैल को ही पदभार ग्रहण कर लिया गया था।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने दुर्ग जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी राकेश को सौंपी

**उतई।** दुर्ग जिले के पाटन ब्लाक के ग्राम धौराभाठा निवासी जिले के किसान नेता राकेश ठाकुर को दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष नियुक्त कर कांग्रेस में पहली बार सामान्य वर्ग को मौका दिया गया है।



राकेश ठाकुर की मिली इस नई जिम्मेदारी के लिए पाटन ब्लॉक, दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक सहित जिले भर के कांग्रेसियों और उनके शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

उनकी नियुक्ति पर नगर कांग्रेस कमेटी उतई के बहादुर सिंह नेताम, डिकेंद्र हिरवानी, द्वारिका साहू, राकेश साहू, रमशिला नेताम, प्रहलाद वर्मा, भावेश साहू, धनंजय नेताम, खुमान सिंह साहू, भीषम हिरवानी, सोनू वर्मा, गुलशन शर्मा, शैलेश देवांगन, टीकम, योगेश माण्डले, दीपमाला, विष्णु देशलहरे, राधिका हिरवानी, तोषण साहू, संजय गिरी, किरण गोस्वामी, सुरता सिंह गढ़े, संतोषी कुंजाम, चंदू पटेल, वीरेंद्र गिरी गोस्वामी सहित नगर के कांग्रेसियों और उनके शुभचिंतकों ने भी बधाई प्रेषित कर उनके उज्वल राजनीतिक जीवन की मंगल कामना की है।

### लगातार 10 वर्षों से नवोदय विद्यालय में ढौर स्कूल के बच्चों का हो रहा चयन

# शिक्षकों के समर्पण से बच्चों का नवोदय विद्यालय में पढ़ने का सपना हो रहा साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|ननकट्ठी

शासकीय प्राथमिक शाला ढौर क्रमांक 1 विकास खंड दुर्ग में लगातार 10 वर्षों से बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन हो रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए कुल 5 बच्चों का चयन हुआ। चयन का पता चलते ही शिक्षक, बच्चे व पालकों में खुशी की लहर छा गई। शासकीय प्राथमिक शाला ढौर क्रमांक 1 में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए विशेष कोचिंग शिक्षक रिखी राम पारकर के द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसमें शाला के शिक्षक चेलेन्द्र साहू ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

प्राथमिक शाला ढौर क्रमांक 1 के प्रधान पाठक अश्वनी कुमार देवांगन ने बताया कि शिक्षक पारकर सेना में रहकर अपने देश के लिए कुछ कर गुजरने के जज्बे को कायम रखने के लिए शिक्षा विभाग में वे वर्ष 2015 से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की अपने व आसपास के गांवों के छात्रों को शाला के समय से अतिरिक्त समय 2 घण्टे निकालकर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक निःशुल्क विशेष कोचिंग देकर इस परीक्षा में सफल होने की तैयारी करवाते हैं। समय-समय पर छात्रों का साप्ताहिक टेस्ट लेते हैं, फिर टेस्ट के मुताबिक उनकी गलतियों में सुधार लाकर उनका चयन करवाने में महती भूमिका का निर्वहन करते हैं। जिसमें प्राइवेट स्कूल व आसपास के गांवों के बच्चे भी शामिल होते हैं और चयन परीक्षा में सफल होते हैं। प्रश्न पत्र तैयार करने व टेस्ट में प्रतिवर्ष लगभग 5000 रूपए खर्च होता है जो विद्यालय की ओर से वहन किया जाता है। अब तक इस कोचिंग के माध्यम से 45 बच्चों का नवोदय के लिए चयन हो चुका है। वर्तमान में शिक्षक पारकर पदोन्नति पाकर प्रधान पाठक पद पर सुशोभित है। पारकर के साथ चेलेन्द्र साहू ने भी रोज 1 घंटे का अतिरिक्त समय देकर बच्चों कि तैयारी करवाया और कक्षा शिक्षिका अमृता सिन्हा ने भी भरपूर सहयोग किया।

**चयन से शिक्षकों, बच्चों एवं पालकों में छाई खुशी की लहर**



#### बच्चों का मुंह मीठा करा और पेन भेंटकर किया स्वागत

इस वर्ष 2024-25 में भी शासकीय प्राथमिक शाला ढौर क्रमांक 1 से 4 बच्चे वंश निर्मलकर, निधि निर्मलकर, प्रतिक शीवारे, अजय कुमार, क्रमांक 2 से शिनी गुप्ता का चयन हुआ है। प्रधान पाठक एवं शिक्षकों ने बच्चों का मुंह मीठा करवाया और पेन भेंटकर उनका स्वागत किया। इस वर्ष चयनित सभी छात्रों के परिजन भी मजदूर वर्ग से ही है। हर वर्ष इतनी अधिक संख्या में छात्रों के चयनित होने से पूरे ग्राम व शाला परिवार ढौर में खुशी की लहर व्याप्त है। छात्रों व पारकर, चेलेन्द्र साहू, कक्षा शिक्षिका अमृता सिन्हा की इस मेहनत से शाला परिवार व ग्राम के गौरवान्वित होने के अवसर पर पालकों ने शिक्षकों को बताया कि छात्र नवोदय परीक्षा की तैयारी के लिए शाला में कराई जा रही तैयारियों के साथ-साथ घर में स्कूल की पढ़ाई के अलावा अलग से प्रतिदिन दो घंटे मेहनत करते थे। छात्रों की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर छात्रों के पालकों ने शाला पहुंचकर शाला परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। शाला परिवार ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिये पालकों को शुभकामनाएं दी व उन्हें जवाहर नवोदय विद्यालय में घर से अलग रहकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

#### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रसन्नता व्यक्त की

शाला के छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी गोविन्द साव, बीआरसी श्रवण सिन्हा, प्राचार्य वल्सा जान, ग्राम सरपंच लता साहू, संस्था के प्रधान पाठक अश्वनी कुमार देवांगन, ढौर के संकुल समन्यवक ओम कुमार खुटियारे, प्रधानपाठक तरुण भीमगढ़े, अनिल थारवानी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित शिक्षाविद एवं एसएमसी के समस्त सदस्य गण व शिक्षक चेलेन्द्र साहू, यामिनी पाठक, रिखीराम पारकर, मंजू गुप्ता, प्रमिला भतपहरी, रविंदर कौर, अमृता सिन्हा, सुनीता साहू, दीपक बुंदेला, ए मधुलिका, पूजा द्विवेदी, अंजू त्रिपाठी, मीरा यादव, मीरा आडिल, मनीष गेन्ड्रे एवं ग्रामवासियों ने शाला के छात्रों की इस उपलब्धि के पीछे विशेष मेहनत करने व उचित मार्गदर्शन देने वाले शिक्षक रिखी राम पारकर के साथ-साथ प्रधान पाठक एवं शाला के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना कर शुभकामनाएं प्रेषित की व प्रसन्नता व्यक्त की।

## अंचल की खबरें

### चबूतरा जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के लिए भूमिपूजन



**भिलाई।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र के वार्ड 12 एवं 13 में स्थित धार्मिक आस्था का केन्द्र भगवान बजरंगबली एवं भगवान भोलेनाथ के चबुतरा का जीर्णोंद्वार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के निधि से होगा। लेबर केम्प के रहवासियों एवं श्रद्धालुओं के आग्रह पर चैत नवरात्र के अवसर पर आम लोगों की धार्मिक भावना का सम्मान करते हुए नपा अध्यक्ष ठाकुर ने उक्त कार्य के लिए भूमिपूजन किया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे लेबर कैम्प सहित अन्य वार्डों के निवासियों द्वारा वहां पर स्थापित भगवान हनुमान एवं शिव के चबुतरा निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का मांग किया था। जिसके लिए वे स्वयं के अध्यक्ष निधि से 4.50 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किया था जो कि सभी प्रशासकीय प्रक्रिया के बाद वहां के श्रद्धालुगणों के साथ भूमिपूजन किया गया और गुरुवार को जामुल में जो भी कार्य संपादित हो रहे हैं यह सभी भगवान की कृपा एवं आम जनता के सहयोग से ही हो रहा है क्योंकि ऊपर वाले की कृपा बिना कुछ भी संभव नहीं । नवरात्र के अवसर पर भूमिपूजन हुआ है जिसका लाभ सीमित वर्ग ही नहीं अनन्य जनों को मिलेगा । भूमिपूजन अवसर पर दुर्योधन साहू, दिलीप सिंह, यशवंत राजपूत, हलधर साहू, विनय साहू, सुखमन दास, रतन पटेल, महाराणा प्रताप पाल, लोकेश जैन, बाली बर्मन, ओमप्रकाश वर्मा, तीरथ वर्मा, शंकर सेन, ध्रुव मौर्य, रामचरण वर्मा, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

- अध्यक्ष निधि से 4.50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की

### नेवता भोजन पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे



**पाटन।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला पंदर के बच्चों को अपनी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत की खुशी में नेवता भोजन दिया। नेवता भोजन में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक खिलावन चोपड़िया, सरपंच उमेश कुमार गजेन्द्र, उपसरपंच आकाश कश्यप, रानीतराई प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक दानेश्वर वर्मा, सुनील वर्मा, राकेश साहू एवं शाला के प्रधानपाठक सहित सभी शिक्षक शामिल हुए। नेवता भोजन के विषय पर बीआरसी ने कहा यह भोज प्रधानमंत्री पोषण आहार शक्ति योजना के अंतर्गत दिये जाने वाला जन भागीदारी सामुदायिक का अच्छी पहल है। नेवता भोजन का उद्देश्य अपने पन की भावना का विकास भोजन के पोषक तत्व में वृहिद समुदाय की बच्चों में समानता की भावना का विकास करना है। नेवता भोजन से बहुत सारी लाभ भी बताये। मिठाई एवं केला, खीर का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों में खुली की लहर देखा गया।

# नगर पालिका अमलेश्वर ने किया 100 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत, विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में 3 अप्रैल को सामान्य सभा की बैठक हुआ जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों का स्वागत भाषण के माध्यम से परिचय दिया। वहीं एक साथ सबके साथ सबका विकास के मूल मंत्र को लेकर कार्य करने की बात कही। उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने भी अपना परिचय दिया फिर क्रमशः नगर पालिका के मुख्य कार्यपान अधिकारी प्रीति गुप्ता, कार्यपालन अभियंता प्रवीण साहू, ढालेंद्र ठाकुर, अकाउंटेंट सचिन नासरे सहित सभी कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों को अपना परिचय दिया।

- नगर पालिका अमलेश्वर में हुआ सामान्य सभा की बैठक

आपको बता दें कि सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने नगर के विकास पर मुहर लगाई व समर्थन दिया है। पीआईसी मेंबरों के बैठक के पश्चात 17 एजेंडट पर चर्चा की गई और पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने सभी का समर्थन कर पारित कराया। जिसमें जल कार्य, प्रकाश व्यवस्था, शव एम्बुलेंस, छात्रों के स्कॉलरशिप और महत्वपूर्ण शिक्षा पर जोर दिया गया। शोक के कार्यक्रम में पानी टैंकर को हाफ रेट में दिया जाएगा। लगभग 100 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अलग से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही पक्ष और विपक्ष पार्षदों ने अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जा और अवैध निर्माण पर रोक लगाने पर विचार किया गया। जिसमें पालिका प्रशासन के द्वारा अवैध कब्जा पर रोक लगाने का अधिकार पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम को होने की बात कही साथ ही निर्माण कार्य पर रोक लगाने की बात कही गई। बैठक में डॉक्टर आलोक पाल, घनश्याम प्रसाद साहू, राजू सोनकर, भेज लाल सोनकर, दीपक घीघोड़े, खूबीराम सोनकर, डोमन यादव, मालती साहू, रामेश्वरी ठाकुर, लेखनी साहू, सेवती निषाद, मीना रानी चेलक, यामिनी यादव, सोहन निषाद, हेमलाल साहू, नीलम मिंज सहित पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




# नपं अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल का पहला बजट 17 करोड़ 77 लाख रुपए पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू ने 17 करोड़ 77 लाख रुपए का बजट पेश की। अध्यक्ष ने इसे फायदे का बजट बताया। जिसमें सभी वर्ग का ध्यान रखा गया है। अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू ने अपने अभिभाषण के दौरान बेटी बेबस नहीं,नगर का तकदीर गढ़ रही है। नगर पंचायत उतई में महत्वपूर्ण योजना एवं कार्यक्रम बनाए गए है। जिसमें पूंजीगत आय होगी 17 करोड़ 80 लाख जिसमें व्यय के लिए राशि 17 करोड़ 77 लाख 9 हजार रुपए रखे गए हैं। राजस्व आय की अनुमान 7 करोड़ 83 लाख 49 हजार रुपए का लगाए हैं जबकि इसी में से व्यय के लिए 7 करोड़ 82 लाख 45 हजार रुपए बताए गए है। नगर में पार्क एवं गार्डन के लिए 66 लाख, नगर के तालाबों का सौंदर्यीकरण के लिए 2 करोड़ 5 लाख, भवन निर्माण एवं मरम्मत के लिए 1 करोड़ 50 लाख, नगर बाजार व्यवस्था, रख रखाव, साफ-सफाई के लिए 45 लाख, निकाय मरम्मत संधारण के लिए 16 लाख, नगर के मुक्तिधाम के रख-रखाव व मरम्मत, संधारण के लिए 35 लाख, नगर के विभिन्न वार्डों में रोड, पुलिया निर्माण, संधारण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपए, नगर के कई वार्डों में कांक्रीट रोड,



नाली जिसकी मरम्मत के लिए 5 करोड़ 10 लाख रुपए, कचरा संधारण, नाला संधारण के लिए 2 करोड़, 28 लाख रुपए अनुमानित किए गए हैं। सभी वार्डों के स्ट्रीट लाइट के रख-रखाव, लाइट, बल्ब खरीदी एवं संधारण खर्च के लिए 40 लाख, नगर पंचायत में जरूरत के हिसाब से गाड़ी खरीदी के लिए 70 लाख के अलावा अन्य व्यय 6 लाख 21 हजार रुपए अनुमानित किए गए है। इसके अलावा 15 वे वित्त आयोग, मिशन क्लीन सिटी आदि के लिए राशि तय किए गए है। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक, सोनू राजपूत, शिवनारायण देशमुख,भीमसेन सिन्हा, लक्ष्मी नारायण साहू, अनिता गढ़े, आशीष कुमार, अंकालु राम साहू आदि मौजूद थे।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्डों का किया निरीक्षण



**पाटन।** पाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष निक्की भाले अचानक वार्डों के निरीक्षण करने पहुंचे और उन्होंने देखा कि एक समय में पाटन पंचायत अपने नाम और काम के रूप में देखे जाने वाले नगर पंचायत को चमकता हुआ देखना हमारा लक्ष्य है। नगर की सफाई और नगर के जनता के सेवक के रूप में सेवा भावना का परिचय देते हुए उन्होंने अपने क्षेत्र में विकास कार्य को गति प्रदान करने की कोशिश करते रहे और इस कार्य को जनता के द्वारा हम अपनी पूरे वार्ड के लोगों तक पहुंचाते रहेंगे। शपथ होते ही नगर पंचायत में लगी सफाई व्यवस्था का विकास रथ नगर के मुखिया निक्की भाले ने थामा है। विकास की गैरेंटी का जज्बा साय सरकार में होगी। पाटन के एक भी जनता को समस्या नगर नाली का भी लंबे समय से बंद पड़ी हुई नाली को साफ कराकर नहर नाली के पानी को तालाबों में इकट्ठा कर आगामी समय में बढ़ने वाली तेज गर्मी को ध्यान में रखते हुए तालाबों में निस्तारीकरण कर ताकि बेजुबान जानवरों और अन्य प्राणियों को पानी की समस्या ना हो।

वार्ड 15 के पार्षद देवेन्द्र ठाकुर ऐक्शन मूड में दिखे। सुबह से अपने ही वार्ड में निकले निरीक्षण में लोगों से मिलकर जनता की समस्या को सुनते नजर आ रहे हैं। योगेश निक्की भाले सुबह के समय वार्ड को लेकर भ्रमण करने निकले और साफ़ सफाई और पानी की समस्या को ध्यान में कर कार्य करने को नगर पंचायत के कर्मचारियों को कहा और प्रतिदिन की तरह वार्ड की साफ़-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने कहा गया।

नगर पंचायत पाटन के सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा रोज सुबह पाटन के वार्ड भ्रमण करते हैं पानी की कोई कमी नहीं होने की बात कही है।

### नहर से नगर के तालाबों में पानी भरने पार्षद ने दिखाई सक्रियता

**पाटन।** पाटन नगर पंचायत के रात्रि में तत्परता दिखाते हुए वार्ड 1 के पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन ने रात्रि में सक्रियता दिखाते हुए मोहल्ले में घुसने वाले नहर के पानी की समस्या का तत्काल समाधान किया। सूचना मिलने पर वे स्वयं मौके पर पहुंचे और पानी की सही दिशा में निकासी सुनिश्चित करने के लिए रेत की बोरियों से नहर को बांधा। इस प्रयास से पानी को तालाब की ओर मोड़ दिया गया, जिससे वार्डवासियों को जलभराव से राहत मिली। स्थानीय निवासियों ने पार्षद की इस तत्परता की सराहना की और कहा कि इस तरह की मुस्तैदी से जनता को बड़ी समस्याओं से बचाया जा सकता है।



### सतनाम भवन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान

**उतई।** शासकीय सतनामी अधिकारी कर्मचारी मंडल भिलाई-दुर्ग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा गुरु घासीदास सेवा समिति, सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बीएल कुर्रे, उपाध्यक्ष उर्मिला भास्कर, महासचिव एनआर गिलहरे, कोषाध्यक्ष रामचन्द्र देशलहरा, सहसचिव दिवाकर गायकवाड़, टेकराम बंजारे, राजेन्द्र महिलांगे एवं कार्यकारिणी सदस्य एसआर नवरंगे, रुपेश बारले, त्रिलोचन डहरिया, शंभू लाल डहरिया, सतीश डाहरे, सागर टंडन, मनबोधी कुर्रे, योगेश्वर चतुर्वेदी, नोहर सिंह कुर्रे, कैलाश चतुर्वेदी, उषा देशलहरा, बिसाहू राम बघेल, किशोर भारद्वाज व भामिनी बंजारे का पुष्पगुच्छ भेटकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम मण्डल अध्यक्ष शिव प्रसाद कोसरे ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष बीएल कुर्रे को बधाई देते हुए पुष्पगुच्छ भेटकर सम्मानित किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में से अध्यक्ष बीएल कुर्रे, कोषाध्यक्ष रामचन्द्र देशलहरा सतनामी अधिकारी कर्मचारी मण्डल के संरक्षकगण हैं। इस अवसर पर सतनामी अधिकारी कर्मचारी मण्डल भिलाई दुर्ग के संरक्षक एसएल मिर्चे, एसपी बारले, डॉ. केशव देशलहरा, उपाध्यक्ष ईश्वरी गायकवाड़, महासचिव संतोष जांगड़े, कोषाध्यक्ष पोषण मारकण्डे, सहसचिव सुशील सूर्यवंशी, नरोत्तम माण्डले आदि उपस्थित थे।



### जल संरक्षण के लिए चलाया जागरुकता अभियान

**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में समाजकार्य विभाग के तत्वावधान में ग्राम मटिया में विभिन्न प्रकार से जागरूकता अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम शा पूर्व मा शाला मटिया के स्कूली बच्चों के साथ जल संरक्षण से संबंधित जागरुकता रैली निकाली गई। जिसका उद्देश्य वर्तमान समय में जल की समस्या को देखते हुए समय रहते जल के उचित समाधान करना है ताकि आने वाले समय में हमें पानी के महत्व को समझ कर जल संरक्षण किया जा सके। शिक्षिका पुष्पा चौधरी के मार्गदर्शन मे कबाड़ से जुगाड़ बनाने का बहुत ही अच्छा जानकारी प्रदान किया गया। जो बहुत ही सहारणीय संदेश रहा। तो वही शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा से आए सहायक प्राध्यापक डॉ. अरुणा साव ने महिला समूह के महिलाओं और सभी विद्यार्थियों को बिहान समूह के बारे में सरकारी योजना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधी के रूप मे धारा पंकज चौधरी जनपद सदस्य ने कैरियर गाईडेंस से संबंधित एवं समाजिक चेतना जागरुकता के महत्व को परिभाषित किए। मटिया स्वास्थय केंद्र का अवलोकन किया गया जंहा पर सीएचओ डॉ. अराधना साहू द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।



### पहले दिन से ही 130 बच्चों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

# रोजगार मूलक बनाने निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

ग्राम पंचायत डंगनिया विकास खण्ड धमधा के अंतर्गत एक बड़ा काम किया जा रहा है। जो गांव के सरपंच सुन्दर लाल साहू अपने व्यक्तिगत पांच लाख रुपये खर्च कर कौशल विकास प्रशिक्षण सरपंच एकेडमी केन्द्र का शुभारंभ महावीर पटेल बीआरसी एवं बेनी राम वर्मा सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया गया। बीआरसी महावीर ने कहा कि लोगों को सिलाई-कढ़ाई, बुनाई, ब्युटी पार्लर, जीम, धारा प्रवाह, अंग्रेजी बोलना, धारा प्रवाह संस्कृत बोलना, कंप्युटर सीखना, रोजगार मूलक बनेगा। बेनी राम ने कहा कि इस प्रशिक्षण से आत्म निर्भरता आएगा स्वरोजगार दिखाई देगा। गांव के बच्चे सभी शिक्षित हो, सभी को रोजगार मिले, अपने पैरों पर खड़ा हो, समाज के मुख्य धारा से जुड़े अपने आप को किसी क्षेत्र में कम ना पाए। यह तभी संभव है जब शिक्षा दीक्षा अच्छा मिले, आधुनिकीकरण की ओर आगे बढ़े गांव में इन्हें वह समुचित साधन मिले जो शहरों में रहते हैं। कार्यक्रम में कुरैशी, जितेन्द्र साहू, जगदीश साहू, अलख राम, भैय्या राम, चोवा राम, पंच सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंत में सरपंच सुन्दर लाल साहू ने आभार व्यक्त किए। गांव के लोगों में धर्म और अध्यात्म मार्ग संस्कार मिले। गांव चौपाल के माध्यम से रोजाना गांव में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन की शुरुआत की गई है। गांव के लोग महिला-पुरुष, युवक-युवतियां बहुत उत्साहित दिखाई दिए एक सरपंच द्वारा समाज सुधार समाज विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया गया। ऐसा सोच अगर हर सरपंच का हो जाए तो निश्चय ही ग्राम सुराज आ जाएगा।

- डंगनिया में सरपंच की पहल की लोगों ने की सराहना



HEALTH TOWN

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# कांग्रेस जिला संगठन होगा मजबूत, प्रत्याशियों के चयन में मिलेगी अहमियत

## पार्टी हाईकमान की बैठक में निर्णय, अंतिम मुहर लगेगी 8 और 9 को अहमदाबाद में होने वाली बैठक में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कांग्रेस पार्टी हाईकमान जल्द ही जिला संगठनों को मजबूत करने की तैयारी में है। इसके लिए गुरुवार इंदिरा भवन दिल्ली में 7 राज्यों के 350 जिला अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में दुर्ग जिले के तीन जिला संगठनों के अध्यक्षों में दुर्ग ग्रामीण से राकेश ठाकुर, भिलाई से मुकेश चंद्राकर और दुर्ग से गया पटेल बैठक में शामिल हुए।

बैठक कई मायनों में अहम मानी जा रही है। इस बैठक में महाराष्ट्र, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी और एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ली। बैठक में पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। राहुल गांधी ने बैठक में कहा कि जिला संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इसके लिए तैयार ड्राफ्ट को 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद में होने वाली बैठक में मंजूरी दी जाएगी। बता दें कि 1970 के बाद पहला ऐसा मौका है, जब पार्टी हाई कमान की बैठक में जिला अध्यक्षों को सीधा आमंत्रित किया। उनसे संवाद किया। पार्टी ने यह भी तय किया कि अब सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग किया जाएगा। इसके लिए हर संभव मदद पार्टी हाई कमान द्वारा की जाएगी। पार्टी की इस जरूरी बैठक में हार को लेकर भी चर्चा हुई। एमपी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मिली हार को लेकर भी चर्चा की। इनके वास्तविक कारणों को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जिला अध्यक्षों की जानकारी ली। जिला अध्यक्षों ने पार्टी हाई कमान के सामने बेबाकी से अपनी बात रखी। इस दौरानन गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में इस प्रस्ताव को लाए जाने की जानकारी दी गई। इसे पूरे देश में लागू करने को लेकर भी फीडबैक लिया गया। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि बैठक में कई जिलाध्यक्षों को अपनी बात रखने का अवसर भी मिला। तैयार प्रस्ताव को अहमदाबाद में होने वाले अधिवेशन में स्वीकृति प्रदान की जाएगी।




## खबर संक्षेप



### डोंगरे को मिला कर्म शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** नगर सेवा विभाग अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग के चार्जमेन सुनील कुमार डोंगरे को फरवरी माह के कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 2.5 मिलियन चौक के पास सेंट्रल एवेन्यू रोड में 30 एम एल डी सीवरेज पाइपलाइन के लगभग 40 मी लंबाई की पाइपलाइन को बिना सड़क खोदे बदले जाने वाले विशेष कार्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है । मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक विष्णु पाठक, उप महाप्रबंधक डीसी सिंह ,सहायक महाप्रबंधक पी एल साहू, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद भोंडेकर, प्रबंधक आर के सिंह,उपप्रबंधक मनोज सिंह सहित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्मिक उपस्थित थे।

### राजहरा माइंस अस्पताल में हुआ स्वास्थ्य शिविर



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस हॉस्पिटल में एक दिवसीय निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग और जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की टीम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेन्द्र ठाकुर ने किया। शिविर चिकित्सक डां. चंदन दास (कार्डियोलॉजी),पी मर्सी (त्वचा रोग), तनुजा आनंद (दर्द प्रबंधन क्लिनिक), चित्रा सुनोव (नेत्र रोग), इमैनुएल मैसी (हड्डी रोग), कौशिक किशोर (बाल रोग), पराग गुप्ता (सर्जरी) हिमानी गुप्ता (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ श्वेता वर्मा (ईएनटी), सुरजा जयाप्रसाद (आहार विशेषज्ञ) आदि ने सेवाएं प्रदान की।

### तीन साल बाद भी प्रोजेक्ट नहीं हुआ शुरु

# बीएसपी की विस्तार परियोजना में लेटलतीफी का चौतरफा पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र के विस्तार और आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी परियोजना में लेटलतीफी बीएसपी सहित सेल को भारी पड़ सकती है। प्रोजेक्ट की अवधि बढ़ने से सेल के आगामी 31 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य पिछड़ने सहित चौतरफा नुकसान होगा। कम होते मेन पावर से चिंतित यूनियनें इसके जल्द शुरु किए जाने की मांग कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि 65 साल पुराने हो चुके भिलाई इस्पात संयंत्र का दो चरणों में विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण किया जाना है। पांच से सात मिलियन टन इस्पात उत्पादन के क्षमता के लिए प्रथम चरण का प्रोजेक्ट वर्ष 2017-18 में पूर्ण हुआ था। इसके बाद जल्द सात से बारह मिलियन टन के लिए दूसरा फेस शुरु किया जाना था। लेकिन तीन साल बाद भी इस प्रोजेक्ट का काम शुरु नहीं हो सका है। प्रथम फेस की तरह दूसरे चरण के प्रोजेक्ट के भी लेट होने से बीएसपी और सेल सभी क्षेत्रों में दूरगामी असर पड़ेगा। प्रबंधन द्वारा अब तक विलंब की अधिकृत वजह नहीं बताई गई है लेकिन सेल व यूनियनों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक लेटलतीफी के कई कारण और दुष्प्रभाव बताए जा रहे हैं। प्रोजेक्ट में देरी की प्रमुख वजह लैंड, बजट,कम होता अनुभवी मेन पावर, आयरन ओर, विश्व बाजार में स्टील खपत की कमी और सेल प्रबंधन की सुस्ती आदि बताई जा रही है। प्रोजेक्ट शुरु करने पर्याप्त जमीन के लिए प्लांट के अंदर पुराने स्ट्रक्चरों को ढहाने की गति धीमी है। मंदी की आहट से बाजार में इस्पात की खपत कम हो रही है, जिसके चलते चायना ने भी अपना उत्पादन का ग्राफ गिरा दिया है। फिर प्रोजेक्ट से जुड़े अनुभवी टेक्नोक्रेट व विशेषज्ञ मेन पावर भी कम रहा है। एक अन्य वजह आयरन ओर की किल्लत यानी रावघाट परियोजना में विलंब बताया जा रहा है। रेलवे ट्रैक के आगे का काम रुका हुआ है। गौरतलब हो कि 15 साल पूर्व इस्पात मंत्री रामविलास पासवान के कार्यकाल में साढ़े 17 हजार करोड़ टन का पिछला प्रोजेक्ट भी 5 साल लेट था। पीएमओ की पहल पर पूर्ण हुआ था।

#### लागत बढ़ने से कर्मियों की सुविधाओं पर पड़ेगा प्रभाव



#### बढ़ रही है निर्माण लागत

बीएसपी के नए एक्सपांशन प्रोजेक्ट में विलंब होने से बीएसी व सेल सहित चौतरफा असर पड़ेगा। यूनियनों के मुताबिक प्रोजेक्ट की लागत बढ़ रही है,जिससे पिछली बार की तरह आगे कर्मियों की वित्तीय सुविधाओं में कटौती हो सकती है। बीएसपी का आगामी 12 व सेल का 31 मिलियन टन उप्तादन का लक्ष्य मुश्किल हो जाएगा और सेल को अपने आर्डर फुलफील करने में दिक्कत होगी। मेन पावर कम होने से भी दिक्कतें आएंगी। विनिवेशीकरण का दबाव भी बढ़ेगा।

#### बनेंगी नई शाप्स व मिलें

बीएसपी के विस्तारीकरण के दूसरे फेस में प्रथम प्रोजेक्ट की तरह दूसरे फेस में फर्नेस और शाप्स आदि आधा दर्जन नई यूनिटों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके तहत 6 एमएल के 2 ब्लास्ट फर्नेस, स्टील मेल्टिंग शा3, यूआरएम ( हेड हर्डन रेल मिल) बेटरी नं, 12 आदि निर्माण किया जाना है। लेकिन अभी तक पूर्व प्रोजेक्ट के बचे बीआरएम के पाइप मिल,यूनिवर्सल बीम मिल, एक हैवी स्ट्रक्चरल शांप और मोल्ड रिपेटर शांप का निर्माण नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि बर्नपुर संयंत्र में विस्तारीकरण शुरु हो चुका है। बीएसपी का प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में डाल दिए जाने की भी चर्चा है।

## भिलाई तीन के सब स्टेशन यार्ड में आगजनी का डेमो, दिए गए टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- मानक पर बुझाई गई आग
- अग्मिशमन कर्मियों ने साझा किए अनुभव

सब स्टेशन भिलाई तीन में अग्निशमन टीम द्वारा आगजनी को लेकर डेमो दिया। इस दौरान सब स्टेशन ट्रांसफॉर्मर यार्ड में आग लगाकर अपनी क्षमताओं का डेमो पेश किया। टीम के कर्मियों ने अपने अनुभव और तकनीक का प्रदर्शन कर मानक समय में आग पर काबू पा लिया। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक गुरुवार को ट्रांसफॉर्मर, मीटर यार्ड, ट्रांसफॉर्मर के ऑयल पर आग लगाकर उसे बुझाने का डेमो प्रदर्शन किया गया। बिजली कंपनी कंपनी के इंजीनियर अखिलेश गजपाल ने डेमो प्रदर्शन की बारीकियों को देखा और उसे निखारने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कर्मचारियों को अग्निशमन प्रशिक्षण डेमो के जरिए बिजली कंपनी में किस तरह से आग कंट्रोल किया जाता है, इसके बारे में भी बताया गया।

डेमो प्रदर्शन में खुद शामिल होकर आग बुझाने का तरीका और काम करने की बारीकियों को सांझा किया। एसडीआरएफ फायर के जवानों को निर्देश दिए हैं कि उन्हें किसी रेस्क्यू से पहले किन सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना चाहिए। रेस्क्यू के दौरान किसी तरह से अपनी सुरक्षा करते हुए कम समय में बिना बड़ी क्षति के टास्क को पूरा करना चाहिए। टीम ने पिछले दिनों बिजली कंपनी दुर्ग, रायपुर और रायगढ़ में बड़ी आग लगी थी। उसमें काफी बड़ा नुकसान हुआ था। यहां भी उसी तरह की आग का अगर सामना करना पड़े तो अग्निशमन कर्मियों को या बिजली विभाग के लोगों को किस तरह आग बुझाना चाहिए।

## भिलाई महिला समाज की नई कार्यकारिणी हुई गठित




**भिलाई।** भिलाई महिला समाज अध्यक्ष भिलाई महिला समाज की नई कार्यकारिणी ( 2025 से 27 ) का गठन किया गया। भिलाई निवास के बहुउद्देशीयय सभागार में आयोजित अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता व उपाध्यक्ष आशा रानी की अध्यक्षता में आमसभा में महिला समाज की नोडल अधिकारी व महाप्रबंधक शिखा दुबे सहित सभी 10 क्लबों की सचिव, सदस्य, एसोसिएट सदस्य एवं कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति में कार्यकारिणी समिति के नई सदस्यों की घोषणा की गई। सचिव सोनाली रथ, संयुक्त सचिव दीपन्विता पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन व सह-कोषाध्यक्ष पूनम प्रियदर्शी बनाई गई हैं। समाज की उपाध्यक्ष प्रणोति मुखोपाध्याय व अतिरिक्त उपाध्यक्ष मौली चक्रवर्ती, आशा रानी, स्मिता गिरी, पूनम कुमार, रेणुका रंगनाथन हैं। अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता, अध्यक्ष ने कार्यकारिणी समिति के नए सदस्यों को बधाई दी है।10 अतिरिक्त सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई, जो भिलाई महिला समाज की विभिन्न इकाइयों का नेतृत्व करेंगी। इनमें पेट्रोल पंप सपना सोनी व नीलिमा साहू, दस्ताना इकाई, रुखसाना शेख व सुधा शर्मा तथा मसाला के लिए रागिनी शर्मा व बबीता सिंह, साबुन एवं स्टेशनरी इकाई के प्रभारी रीता तिवारी व संयुक्त प्रभारी लक्ष्मी पटेल ने शपथ ली । सहयोगी सदस्यों में गीता हटोटे, उत्तरा साहू को कार्यकारिणी सदस्य का पदभार प्रदान किया गया।

## 15.21 करोड़ मिला, निगम कर्मचारियों ने माना छत्तीसगढ़ शासन का आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- उपमुख्यमंत्री के अनुमोदन से भिलाई निगम को मिली राशि

नगर निगम का छत्तीसगढ़ शासन से बहुत दिनों से बहुत दिनों से लंबित मांग थी, कि नगर निगम भिलाई के संचित निधि एवं फ्रीहोल्ड की राशि भिलाई को वापस किया जाए। शासन द्वारा 10 करोड़ 50 लाख 36 हजार रुपए संचित निधि का एवं फ्री होल्ड की राशि 4 करोड़ 36 लाख 38000 प्राप्त हुए। पूर्व के आयुक्त एवं वर्तमान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा शासन से बार-बार पत्राचार के माध्यम से निवेदन किया जा रहा था। भारसाधक उपमुख्यमंत्री के अनुमोदन से राशि नगर निगम भिलाई को प्राप्त हुआ। इसीलिए नगर निगम के आधिकारी कर्मचारियों में बहुत खुशी व्याप्त है। इसके लिए कर्मचारी संघ के सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साव, भारसाधक उप उपमुख्यमंत्री अरुण साव को धन्यवाद दिया। उपादान भुगतान रिटायर्ड कर्मचारियों को किया जाएगा जो 2018 से लंबित था। इस मौके पर राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, लेखा अधिकारी सी. बी. साहू, अभियंता संजय अग्रवाल, विनीत वर्मा, अर्पित बंजारे, नितेश मेश्राम, श्वेता वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, स्टोन पुरुषोत्तम साहू, नवीन साहू, शशांक शेखर, उन्मेष साहू, अर्पित द्विवेदी, तोसेंद्र साहू, हृदय राम कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## दुकान सील किए जाने का व्यापारियों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- स्टील सिटी चेंबर ऑफ कामर्स ने सांसद से की गुहार

न्यू सिविक सैंटर के व्यापारियों की बैठक स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ हुई । बैठक में बीएसपी के एनफोर्समेंट सेल द्वारा न्यू सिविक सैंटर में दुकान को बिना स्वामित्वधारी व्यक्ति को जानकारी में दिए सील किया गया। बीएसपी द्वारा की बेदखली कार्यवाही की निंदा की गई । इसकी जानकारी सांसद विजय बघेल को भी दी गई।

चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि सुबह 8-30 बजे बीएसपी के अधिकारी ने रनिंग दुकान को बिना दुकानदार को बताएं दुकान का ताला तोड़ा और सील कर दिया। दुकान का संचालन दिनेश सिंघल के द्वारा किया जा रहा था जिसमें उसके ऑफिस में व्यापार से संबंधित सारे दस्तावेज रखे थे। स्टील सिटी चेंबर के अध्यक्ष व सांसद विजय बघेल से दूरभाष पर बात की और मांग किया के जिला प्रशासन के माध्यम से इस तरह की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए । बहुत से व्यापारियों के प्रकरण संपदा न्यायालय जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

## गैर संकार्य विभाग के कार्मिक, कर्म शिरोमणि से सम्मानित



**भिलाई।** इस्पात भवन सभागार में आयोजित कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, प्रमोद कुमार चोखानी व पी सुब्बा राव द्वारा गैर संकार्य विभागों के कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गैर संकार्य क्षेत्र से बलराम शुक्ला, तकनीकी एसोसिएट नगर सेवाएं, के शशिधरन नायर, सेक्शन एसोसिएट वित्त एवं लेखा, लता एस पिल्लै, अनुभाग अधिकारी मार्केटिंग एण्ड बीपी, अफजल खान अनुभाग अधिकारी, नरेन्द्र कुमार चन्द्राकर सेक्शन एसोसिएट, ओंकर प्रसाद कौमिक, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट (नगर सेवाएं) सुनील कुमार डोंगरे, इंजीनियरिंग एसोसिएट (नगर सेवाएं), विजय बहादुर, सेक्शन एसोसिएट नगर सेवाएं व रजनीबाला कश्यप को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### शाह के जाने के बाद आएगी दूसरी सूची, बेसब्री से इंतजार

# दुर्ग जिले से दो नेताओं को मिली निगम मंडलों में नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पिछले लंबे समय के इंतजार के बाद राज्य सरकार ने भाजपा संगठन की सहमति से निगम मंडलों में नियुक्ति आदेश जारी किया हैं। दुर्ग जिले में भी दो भाजपा नेताओं को नियुक्तियां दी गई हैं। राज्यसभा के पूर्व सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डां सरोज पांडेय की बडे भाई राकेश पांडेय को छग खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड में अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए हैं, वही साजा विधानसभा से भाजपा टिकट के दावेदार रहे जितेन्द्र साहु को छग राज्य तेलद्यानी विकास बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया हैं। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण हैं। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार छग में सरकार बनने के बाद पहली बार बडी संख्या में नेताओं की नियुक्ति सूची जारी हुई हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छग प्रवास के बाद निगम मंडलों में नियुक्ति की एक और सूची जारी होगी। इस सूची का अन्य दावेदारों को बेसब्री से इंतजार हैं।



#### दिनभर लगा रहा राकेश के घर कार्यकर्ताओं का मेला

राकेश पांडेय की नियुक्ति के बाद पूर्व राज्य सभा सांसद सरोज पाडेय के निवास स्थान रिसाली में भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम लगा रहा। काफी दिनों बाद राजनीतिक गहमागहमी बंगले पर देखी गई।

#### राकेश पांडेय का बढ़ा राजनीतिक महत्व

लंबे समय से दुर्ग जिले की राजनीति में राज्यसभा के पूर्व सांसद डां सरोज पांडेय का गहरा दखल रहा हैं। समय के साथ सरोज के राजनीतिक प्रभाव कम होने की चर्चा होती रही। लेकिन लोकसभा चुनाव में छग के कोरबा से पार्टी उम्मीदवार बनने के बाद यह मान लिया गया कि, सरोज पांडेय का राष्ट्रीय राजनीति में व्यापक महत्व हैं। पार्टी ने उनके बडे भाई राकेश पांडेय को छग खादी तथा ग्रामद्योग में अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद सरोज पांडेय के समर्थक एक बार फिर से जागृत हो उठे हैं। राकेश पांडेय वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी की टिकट चाह रहे थे। लेकिन उन्हें अवसर नही मिला, इसी तरह साजा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के कद्दावर नेता कैबिनेट मंत्री रहे रविन्द्र चौबे के खिलाफ भाजपा के जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र साहू 2018 के बाद बेहद सक्रिय रहे। उनका नाम भी आगे बढा था। लेकिन बीरनपुर की सांप्रदायिक घटना के बाद प्रदेश की राजनीति में भूचाल मचा और जितेन्द्र साहू के स्थान पर सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए भुवनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को चुनावी मैदान में उतारा, वही रविन्द्र चौबे को चुनाव में पटकनी भी दी। इस जीत में साहू समाज के साथ साथ जितेन्द्र साहू का सक्रिय रोल रहा। जितेन्द्र साहू को बतौर ईनाम भाजपा सरकार ने तेलघानी बोर्ड में अध्यक्ष बनाया हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025,
25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129



04



खेल का रंग


लाइव इवेंट

## नवोदय स्कूल में चयन के लिए शिक्षक दे रहे निशुल्क ट्यूशन, हर साल 5 बच्चे हो रहे चयनित



**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला ढौर-1 में लगातार 10 वर्षों से बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन हो रहा है। प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी जवाहर नवोदय विद्यालय हेतु कुल 5 बच्चों का चयन हुआ है।चयन का पता चलते ही शिक्षक, बच्चे व पालको में खुशी की लहर है। बता दें कि गांव के बच्चों के चयन के लिए शिक्षक रिखी राम पारकर हर दिन दो घंटे अलग से पढ़ा रहे हैं, ताकि बच्चों का चयन हो सके। इस अवसर पर हर साल औसतन पांच बच्चों का चयन हो रहा है। पिछले दस वर्षों से यह क्रम चल रहा है। शिक्षक चेलेन्द्र साहू ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्राथमिक शाला ढौर के प्रधान पाठक अश्वनी कुमार देवांगन ने बताया कि पारकर सेना में रहकर अपने देश के लिए कुछ कर गुजरने के जज्बे को कायम रखने के लिए सेवा दी। इसके बाद शिक्षा विभाग में वे वर्ष 2015 से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की अपने व आसपास के गांवों के छात्रों को शाला के समय से अतिरिक्त समय 2 घण्टे निकालकर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक निःशुल्क विशेष कोचिंग दे रहे हैं। छात्रों का साप्ताहिक टेस्ट लेते हैं। फिर टेस्ट के मुताबिक उनकी गलतियों में सुधार लाकर उनका चयन करवाने में महती भूमिका का निर्वहन करते हैं। इसमें प्रायवेट स्कूल व आसपास के गांव के बच्चे भी शामिल होते हैं। चयन परीक्षा में सफल होते हैं। प्रश्न पत्र तैयार करने व टेस्ट में प्रति वर्ष लगभग 5000 रूपए खर्च होता है, जो विद्यालय कि ओर से वहन किया जाता है। अब तक इस कोचिंग के माध्यम से 45 बच्चों का नवोदय के लिए चयन हो चुका है। उनके अलावा चेलेन्द्र साहू भी रोज 1 घंटे का अतिरिक्त शिक्षा दे रहे हैं। इस वर्ष 2024-25 में भी शासकीय प्राथमिक शाला ढौर क्रमांक 1 से वंश निर्मलकर, निधि निर्मलकर, प्रतिक शीवारे, अजय कुमार, क्रमांक 2 से शिनी गुप्ता का चयन हुआ है।

सिटी इवेंट

## चैत्र नवरात्र में भाजपा ने कन्याओं को पूजा, कराया भोज, दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश



**दुर्ग।** बेटी है तो कल है, इस भाव को आत्मसात कर देश और समाज को आगे बढ़ाना के उद्देश्य से भाजपा ने जिला कार्यालय में कन्या पूजा की। इस दौरान कन्याओं को भोजन भी कराया गया। भाजपा के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प ने यह कार्यक्रम आयोजित किया। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महापौर अलका बाघमार, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प की जिला संयोजिका बानी सोनी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद थीं। आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन कर उन्हें किताबें और उपहार भेंट की। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कन्या भ्रूण हत्या के उन्मूलन का आह्वान किया था माईजीओवी डॉट कॉम पोर्टल के माध्यम से भारत के नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए थे। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई। इस योजना के माध्यम से बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आज हमारे देश में बेटियों के सक्षम बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की जनहित कार्य योजनाएं बनाए गई है।

सिटी इवेंट

## हर व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए

**भिलाई।** भारत एक ऐसा देश है, जो अपनी विविधता और धार्मिक सहिष्णुता के लिए जाना जाता है। यहां अनेक धर्मों, पंथों और विचारधाराओं का सह-अस्तित्व है। इसी सह-अस्तित्व की भावना को सर्व धर्म समभाव के रूप में जाना जाता है। यह विचारधारा केवल सहिष्णुता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सभी धर्मों के प्रति समान आदर और सम्मान की बात करती है। सर्व धर्म समभाव का शाब्दिक अर्थ है सभी धर्मों के प्रति समान भाव रखना। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि सभी धर्म एक ही हैं, बल्कि यह है कि सभी धर्मों को समान दृष्टि से देखा जाए और किसी भी धर्म के प्रति भेदभाव न किया जाए। उक्त बातें लेखक और समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा ने एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि यह सिद्धांत हमें यह सिखाता है कि हर व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए और दूसरों के धर्म का भी आदर करना चाहिए। भारत की संस्कृति और इतिहास में सर्व धर्म समभाव की गहरी जड़ें हैं। प्राचीन काल से ही भारत में अनेक धर्मों का विकास हुआ और वे सभी एक साथ फलते-फूलते रहे। हिंदू, बौद्ध, जैन, सिख, इस्लाम, ईसाई, पारसी और अन्य कई धर्मों ने भारतीय समाज को समृद्ध बनाया है। महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद और अन्य कई महापुरुषों ने इस सिद्धांत को अपनाया और इसका प्रचार किया। महात्मा गांधी का यह कथन प्रसिद्ध है सभी धर्म सत्य और समान हैं।



---

**जेल में भक्तिमय माहौल : हर दिन सुबह और शाम के समय आरती, दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक जस गायन और भजन**

# चैत्र नवरात्र पर केन्द्रीय जेल में माता के भजनों की गूंज, 202 बंदियों ने रखा नौ दिन का उपवास, जेल प्रशासन उपलब्ध करा रहा फलाहार

**चैत्र नवरात्र पर्व पर दुर्ग केंद्रीय जेल का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है। जेल में इस समय 1882 कैदी और बंदी हैं। इनमें महिला और पुरुष शामिल है। इस समय चैत्र नवरात्र की धूम पूरे देश में है इसका असर केंद्रीय जेल दुर्ग में भी देखने को मिला है। यहां 166 पुरुष और 36 महिला बंदी ऐसी हैं, जिन्होंने 9 दिन का उपवास रखा है। 68 बंदियों ने पहले दिन व पंचमी को उपवास किया है। वे नवमीं पर भी उपवास रखेंगे। नवरात्रि पर्व पर जेल परिसर माता जी के भक्ति से सराबोर है। जहां जस गीतों की गूंज और प्रज्वलित ज्योत-जंवारे से माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर आया है। हर दिन सुबह और शाम के समय घंटेभर की आरती हो रही है। दोपहर को 12 बजे से शाम 4 बजे तक जस गायन और भजन हो रहा है। इसमें कैदी और बंदी सामूहिक रूप से सहभागिता निभा रहे हैं। जेल प्रशासन ने भी भक्ति में डूबे बंदियों के लिए फलाहार और अन्य खास इंतजाम किए हैं।**



**भिलाई।** बंदियों के धार्मिक आस्था का सम्मान करने जेल प्रशासन ने यह अनोखी पहल की है। उपवास रखने वाले बंदियों को पौष्टिक फलाहार उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि उनकी सेहत पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने बताया कि उपवास करने वाले सभी बंदियों का मेडिकल चेकअप किया गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत की निगरानी कर रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुबह-शाम होने वाले जस गीतों में बंदी पूरे श्रद्धाभाव से हिस्सा ले रहे हैं। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के लिए जेल प्रशासन ने विशेष स्थान निर्धारित किया है, जहां बंदी भजन-कीर्तन में शामिल हो रहे हैं। पूजा के लिए सभी आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं। इस आयोजन से जेल में सकारात्मक माहौल बना हुआ है और बंदियों में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ रही है। कई बंदियों ने कहा कि नवरात्रि का उपवास और भजन-कीर्तन उन्हें आत्मचिंतन करने और अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा लाने का अवसर प्रदान कर रही है। जेल प्रशासन का मानना है कि इस तरह के धार्मिक आयोजन बंदियों को मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियां सुधार प्रक्रिया में सहायक होती हैं। जेल में इस तरह के आयोजनों से बंदियों के आचरण में सुधार आने की संभावना बढ़ जाती है। जेल प्रशासन ने भी इसे सुधारात्मक प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा माना है। नवरात्रि के इस आयोजन से जेल का वातावरण पूरी तरह बदल गया है। आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत बंदियों का यह उत्साह दिखाता है कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से उनमें एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हो सकता है। जेल प्रशासन की यह पहल न केवल बंदियों के सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह उन्हें समाज के मुख्य धारा से पुनः जोड़ने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



### बंदियों के लिए मुलाकात में दिए जा सकते हैं फल, कैदियों के लिए भी इंतजाम

जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने बताया बंदियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। बंदियों के मुलाकाती स्वीकृति के आधार पर फलाहार या अन्य उपवास से जुड़े सामान जेल मैनुवल के अनुरूप दे सकते हैं। कैंदियों के लिए फलहार या अन्य सामान जेल प्रशासन उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए कैदियों की सहमति से उन्हें मिलने वाले पारिश्रमिक से राशि उपलब्ध कराई जा रही है। जेल में पूरे भक्तिमय माहौल में नवरात्र का पर्व मनाया जा रहा है। जेल में हर बंदी और कैदी इससे जुड़ा हुआ है।

### रामनवमीं पर 210 वर्ष पुराने राम मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा मनेगा दो दिवसीय राम जन्मोत्सव

**दुर्ग।** शहर के गांधी चौक, सदर बाजार स्थित अति प्राचीन श्री सीताराम पंचायती मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव पूरे श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दो दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव की शुरुआत 6 अप्रैरल से होगी। दूसरे व अंतिम दिन 7 अप्रैल को दोपहर 4 बजे मंदिर से श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम की छायाचित्र व चरण पादुका एक सुसज्जित खुले रथ पर विराजमान किए जाएंगे। यह शोभायात्रा पूरे शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी और अंत में वापस मंदिर पहुंचकर समापन होगा। प्रभु श्रीराम के भव्य शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। फलस्वरुप विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत करने की तैयारी है। शोभायात्रा में जनप्रतिनिधियों के अलावा श्रद्धालू बड़ी संख्या में शामिल होंगे। शोभायात्रा गुजरने वाले मार्गों पर भगवाध्वज व तोरण पताका से विशेष साज-सज्जा की जा रही है। जिससे श्रीराम के शोभायात्रा के दिन पूरा शहर राममय रहेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री सीताराम पंचायती मंदिर समिति अध्यक्ष व नगर निगम के सभापति श्याम शर्मा ने बताया कि श्री सीताराम पंचायती मंदिर 210 वर्ष प्राचीन मंदिर है। मंदिर में प्रतिवर्ष रामनवमीं का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्रीराम जन्मोत्सव की शुरुआत 6 अप्रैल से होगी। इस दिन सुबह 8 बजे बंगाली कलाकार राम मंदिर की 108 परिक्रमा करेंगे। दोपहर 12 बजे महाआरती उपरांत महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया है। 7 अप्रैल को दोपहर 4 बजे प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा की तैयारी में श्री सीताराम पंचायती मंदिर के पदाधिकारियों के अलावा श्री सीताराम पंचायती महिला मंडल व अन्य श्रद्धालु जुटे हुए हैं।

---

## धूमधाम से मनाया गया गणगौर उत्सव, ईशरजी की सालियों ने रखा व्रत, पीहर की समृद्धि की कामना



**दुर्ग।** ईशरजी की सालियां ग्रुप चंडी मंदिर ने गणगौर महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान सुहागिनों ने व्रत रखा और गणगौर की पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। अविवाहित युवतियों ने भी अच्छे वर की कामना के लिए यह व्रत रखा। इस दौरान जिले में कई जगह गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं ने उनकी बंदोला हल्दी मेहंदी और शादी फंग्शन का आयोजन किया। महोत्सव के आखिरी दिन गणगौर तीज पर माता को विदाई दी गई। इसमें हर बंदोला में अलग-अलग प्रांत की वेशभूषा पहनी थीं। साउथ इंडियन थीम, वृंदावन थीम, राजस्थानी थीम रखी गई। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल ऋतु गुप्ता ने बताया कि गणगौर पर्व मारवाड़ी लड़किया और नव विवाहित महिलाएं मनाती है। यह पर्व होलिका दहन की सुबह से शुरू होता है और अठारह दिनों तक चलता है। यह चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया को समाप्त होता है। इस दिन सभी सुहागिनें पूजा करती हैं। इसके बाद गोधुलि बेला में तालाब में प्रवाहित कर दिया जाता है। इस पर्व में भाइयों की भी भूमिका होती है। जिस लड़की के भाई नहीं होते वे अपना धर्म भाई बना कर बनोड़ा के सायं उसका तिलक करती है। इस में मुख्यतः शिव पार्वती जिनका एक नाम गौरा भी है। इनकी पूजा होती है। ऐसा माना जाता है कि गणगौर पूजन में कन्याएं और महिलाएं अपने लिए अखण्ड सौभाग्य, अपने पीहर और ससुराल की समृद्धि तथा गणगौर से प्रतिवर्ष फिर से आने का आग्रह करती हैं।

## लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी की आकांक्षा मिश्रा बनी नई अध्यक्ष

**दुर्ग।** लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी की आकांक्षा मिश्रा अध्यक्ष निर्वाचित हुई है, वहीं मोहम्मद अली हिरानी प्रथम उपाध्यक्ष चुने गए है। यह निर्वाचन क्लब के वार्षिक चुनाव बैठक में किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पूर्व अध्यक्ष सुमन पांडे ने स्वागत किया और बधाई दी। बैठक में हरमीत सिंह भाटिया,अमर सिंह गुप्ता, लक्ष्मी चंद्राकर सुरेंद्र पाल दुलई , सतीश सुराना, अनीता तिवारी के अलावा अन्य लायन सदस्य मौजूद रहे।




---

**दिल्ली में यादवों के अधिवेशन में कश्मीर से कन्याकुमारी तक आयोजन पर बनी सहमति**

कार्नर न्यूज

## 114 अहीरों की शहादत में यादव समाज निकालेगा 13 से कलश यात्रा देशभर में भ्रमण की तैयारी, अहीर रेजिमेंट गठन की उठी मांग

**भिलाई।** यादव समाज ने सेना में अहीर रेजिमेंट गठन की मांग की है। इसे लेकर दिल्ली में हुए अधिवेशन में 12 अप्रैल से 18 नवंबर तक विशाल कलश यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। यह कलश यात्रा 18 नवंबर 1962 को शहीद हुए 114 शहीदों की शहादत के याद में निकाली जाएगी। 12 अप्रैल को छपरा से इसकी शुरुआत होगी। इसमें महिलाएं 18 नवंबर 1962 को चीन युद्ध के दौरान शहीद हुए जवानों के शहादत स्थल से लाई गई मिट्टी को कलश में लेकर कलश यात्रा निकालेंगी। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक यह यात्रा निकलेगी। इसमें समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी पूरे समय साथ चलेंगे। इसके अलावा राज्यों की सीमाओं तक महिलाएं पैदल कलश लेकर चलेंगी। अपने तरह के इस अनोखे आयोजन में दुर्ग-भिलाई के यादव समाज ने तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली में आयोजित समारोह में महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। गहिरा गुरु राजेश यादव ने बताया कि भारत देश की सेवा करते हुए 18 नवंबर 1962 रेजांगला युद्ध में 3 हजार चीनियों का इन योद्धाओं ने मुकाबला किया था। इसमें 114 जवान शहीद हो गए थे। हिमपात का समय होने की वजह से ये जवान बर्फ का चादरों में छिपे रहे। बहुत बाद में उनमें से कुछ जवानों के जिंदा होने की जानकारी मिली। वीर अहीरों की कलश यात्रा के साथ भारतीय सेना ने अहीर रेजिमेंट मांग को लेकर भारत देश के सभी प्रदेशों से यह



### महिलाएं उठाएंगी कलश, छत्तीसगढ़ में जून-जुलाई तक पहुंचेगी यात्रा

अध्यक्ष मंजू यादव ने बताया कि 12 अप्रैल को छपरा से इस कलश यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। पूरा यादव समाज इस आयोजन में शामिल होंगे। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों से होते हुए करीब तीन महीने बाद यह यात्रा छत्तीसगढ़ पहुंचेगी। इसके बाद आगे अन्य राज्यों की ओर प्रस्थान करेंगी। 18 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर में पहुंचकर इस कलश यात्रा का समापन होगा। अपने तरह का यह पहला आयोजन है, जिसमें पूरा देश जुटेंगे। सभी समाजों ने इस कलश यात्रा को समर्थन दिया है। जगह-जगह स्वागत की तैयारियां भी की जा रही है।

### 1940 में अंग्रेजों ने समाप्त कर दी थी अहीर रेजिमेंट

जानकारी के मुताबिक 1940 में अंग्रेजी ने अहीर रेजिमेंट को समाप्त कर दिया था। आजादी के बाद 1960 में अहीर जवानों की टुकड़ी बनाई गई। चीन से हुए युद्ध में कुमाऊं रेजिमेंट की 13वीं बटालियन के अहीर सैनिकों ने चीनी हमले का डटकर सामना किया था। इस बटालियन के 117 जवानों में से 114 जवान अहीर थे। इनमें से सिर्फ तीन जवान ही जिंदा बचे थे और उन्हें भी गंभीर चोट लगी थी। मेजर शैतान सिंह की अगुवाई में जवानों ने चीन को खूब छकाया था। इसके बाद गायिका लता मंगेश्कर ने जो शहीद हुए उनकी, जहा याद करो कुर्बाना गीत गाया था, जिसने इस घटना को घर-घर तक पहुंचा दिया था। फिलहाल देश के कई राज्यों में अहीर रेजिमेंट की मांग एक बार फिर उठ रही है। राजनीतिक पार्टियों ने भी भारतीय सेना में अहीरों के लिए एक अलग रेजिमेंट की मांग का समर्थन किया है। ऐसी ही मांग 2019 में भी उठी थी, जब लोकसभा के चुनाव हो रहे थे। सरकार ने भारत में अपने शासन के दौरान अंग्रेजों द्वारा प्रतिपादित और कार्यान्वित तथाकथित मार्शल रेस सिद्धांत की तर्ज पर नई रेजिमेंट बनाने के मुद्दे पर एक स्थिर रुख बनाए रखा है।

### नियमों में उल्लेख नहीं

अब तक इस मामले में सरकार का तर्क रहा है कि नियमों में नई रिजमेंट का उल्लेख नहीं है। सरकार ने भारत में अपने शासन के दौरान अंग्रेजों द्वारा प्रतिपादित और क्रियान्वित तथाकथित मार्शल रेस सिद्धांत की तर्ज पर नई रेजिमेंट बनाने के मुद्दे पर एक स्थिर रुख बनाए रखा है। पिछले कई दशकों में कहा गया है कि जाति और वर्ग के आधार पर कोई नई रेजिमेंट बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है और ध्यान सेना को एक राष्ट्रीय चरित्र प्रदान करने पर है, न कि रेजिमेंट को क्षेत्रीय या धार्मिक पहचान तक सीमित रखने पर। इसलिए नई रेजिमेंट गठन को लेकर संशय बरकरार है।

सिटी इवेंट

## एक मुट्ठी दान श्रीराम के नाम अभियान में बढ़ाया हाथ



**भिलाई।** 6 अप्रैल को मनाएं जाने वाले रामनवमी के अवसर पर ऊलन मार्केट सेक्टर 1 रामलीला मैदान में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। अंचल के विभिन्न क्षेत्रों के 1100 मंदिरों से ध्वज लेकर ध्वजवाहक रामललीला मैदान पहुचेंगे। इस दौरान जगह-जगह पूजा-अर्चना होगी और महाभोग का वितरित किया जाएगा। राम नाम और समभाव के उद्देश्य से भिलाइवासियो के सहयोग द्वारा हर घर से एक मुट्ठी दान श्रीराम के नाम का अभियान श्री राम जन्मोंत्सव समिति द्वारा चलाया जा रहा है।दान से मिले अन्न का भोग बनाकर शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह वितरित किया जाएगा। इसी कड़ी में पश्चिम प्रखंड के सेक्टर 10 में राम भक्तों द्वारा घर घर जाकर अभियान के तहत दान लिया। इस अभियान में सबिता नाहक, मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी, पद्मनाभन, हरि यादव, डॉ प्रदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में राम भक्त लोगो के घर-घर जाकर रामनवमी के कार्यक्रम में पहुँचने का निमंत्रण दिया।

लाइव इवेंट

## उत्कृष्ट कार्य करने सशक्त नारी सम्मान से सम्मानित हुई ईश्वरी



**भिलाई।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन राजधानी रायपुर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक पुरन्दर मिश्रा व अध्यक्ष विजय कुमार खण्डेलवाल जिलाशिक्षाधिकारी रायपुर तथा समाज सेवी निधि चन्द्राकर, छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री जागेश्वरी मढ़रिया मेश्राम उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में ईश्वरी देवांगन व्याख्याता शास तिलक कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग को सशक्त नारी सम्मान से सम्मानित किया गया। जिससे शाला परिवार व समाज में खुशी की लहर है। यह सम्मान उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, साहित्य कला व लेखन के क्षेत्र में कार्य करने वाले शिक्षकों, महिला सशक्तिकरण कार्य, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, नशा मुक्ति अभियान व समाज कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रदान किया गया है। संस्था के संस्थापक संजय कुमार, मैथिल अध्यक्ष मीना भरतद्वाज तथा संरक्षक परसराम साहू हैं। जो निरंतर छात्रों व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील हैं।

धर्म लाइव

## एक-दूसरे को तिलक लगाकर किया हिंदू नववर्ष का स्वागत



**भिलाई।** स्वामी विवेकानंद युवा समिति द्वारा सेक्टर 6 जुबली पार्क में हिंदू नव वर्ष मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से समिति के संरक्षक अनिल मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर की गई। अनिल मिश्रा ने उपस्थित जनों को चैत्र नवरात्र व नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब यहां हिंदू नववर्ष मानने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज ही के दिन झूलेलाल जयंती, संघ संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार की जन्म तिथि के साथ कई अच्छी चीजें संयोग से आरंभ होती है। शंकर लाल देवांगन ने भी नववर्ष पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने एक दूसरे को तिलक लगा कर हिंदू नव वर्ष पर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन समिति अध्यक्ष दीपक मिश्रा और आभार व्यक्त नरेंद्र यदु उपाध्यक्ष ने किया। नववर्ष मिलन कार्यक्रम के अवसर पर रूपचंद भोंसले, नरेंद्र यदु, नितेश मिश्र, रमेश शर्मा, डॉक्टर गणेश पांडे, शंकर लाल देवांगन, प्रकाश वर्मा किरण भोंसले, लक्ष्मी नारायण बिस्वा शामिल थे।

### झूलेलाल जयंती पर निकली शोभायात्रा



**भिलाई।** दुर्ग में झूलेलाल जयंती चेट्रीचंड पर्व पर झूलेलाल सिंधु पंचायत रायपुर नाका दुर्ग सिंधी समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सुबह क्षेत्र के आसपास प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह 11 बजे बहाराणा साहेब की पूजा के साथ आरती, पल्लव तथा दोपहर में भंडारा साहेब का आयोजन सिंधु भवन में किया गया। इस दौरान सिंधु नवयुवक रत्न द्वारा शरबत वितरण किया गया। पूरे समाज द्वारा शाम 5 बजे भगवान झूलेलाल जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और मालवीय नगर तालाब पर बहराणा साहेब की विधि विधान से पूजा कर सर्व समाज के कल्याण के लिए झूलेलाल भगवान की पूजा अर्चना कर प्रार्थना की गई।

● बंगाली समाज में उत्साह, षष्ठी तिथि से दशमी तक विराजेंगी माता दुर्गा

# चैत्र नवरात्र पर हुई बासंती पूजा की शुरुआत, ढाक की थाप के साथ स्थापित हुई दुर्गा प्रतिमाएं, आज होगी सप्तमी पूजा



**भिलाई।** चैत्र नवरात्र की षष्ठी तिथि पर गुरुवार को बंगाली समाज द्वारा बासंती दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेक्टर-6, वैशालीनगर, हुडको, हाउसिंग बोर्ड और सिंधिया नगर दुर्ग की कालीबाड़ी मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, गणेशजी व कार्तिकेय की प्रतिमाएं स्थापित की गई। सेक्टर-6 कालीबाड़ी में गुरुवार सुबह 8.30 बजे महाषष्ठी पूजा, 10 बजे पुष्पांजलि के बाद शाम 7 बजे बोधन पूजा के साथ प्रतिमा स्थापित हुई। क्वांर नवरात्र की तरह हिंदू नववर्ष चैत्र नवरात्र में भी बंगाली समुदायों द्वारा शहर के सभी कालीबाड़ी मंदिरों में षष्ठी तिथि को माता दुर्गा की प्रतिमा को ढोल व ढाक की थाप पर विराजित किया गया। इस दौरान सभी बंगाली समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित होकर पुष्पाजंली दिये। दुर्गा पूजा के लिए मंदिर को रंग-बिरंगी लाइट, झालर और फूलों से सजाया गया है।



### मायके आई माता का हुआ स्वागत

बंगाली समुदायों में दुर्गा पूजा को लेकर अलग ही उत्साह रहता है। काली बाड़ी के सदस्यों ने बताया कि पिछले तीन-चार सालों से ट्विनसिटी में चैत्र नवरात्र में बसंती पूजा बंगाली परंपरानुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान माता की प्रतिमा स्थापित कर पूरे चार दिनों तक उनकी विशेष पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि माता अपने मायके आती है और इस दौरान उन्हें घर पर बेटी आने पर जो खुशियां मनाई जाती है वही सभी रस्में माता के साथ निभाई जाती है। चार दिनों के बाद दशमी तिथि पर पूरे आदर व सम्मान के साथ महिलाएं सिंदूर खेला की रस्म के बाद उनकी बिदाई करेंगी।



### आज से लगेगा खिचड़ी का भोग

बंगाली समाज के दुर्गा पूजा के इस आयोजन में सुबह विशेष पूजा अर्चना के बाद मंदिर के पुजारी दवरा सभी भक्तों से पुष्पाजंली अर्पित कराई जाती है। जिसके बाद आज से मंदिरों में माता को प्रिय भोग खिचड़ी सभी भक्तों को वितरित किया जाएगा।

### महाअष्टमी पर्व पर भंडारा का आयोजन

चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी के अवसर पर विशाल भंडारा महाप्रसाद का आयोजन शनिवार को दोपहर 2 बजे से किया गया है। खिलावन सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन आकाशगंगा सुपेला ढिल्लन कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों के द्वारा सभी के सहयोग से किया जा रहा है।



### इस दिन होगी विधि-विधान से पूजा

कालीबाड़ी मंदिरों में आज सप्तमी तिथि से विशेष पूजा कर पुष शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे महासप्तमी पूजा, शाम 7.30 बजे संध्या आरती, 5 अप्रैल को सुबह 9.35 बजे महा अष्टमी पूजा, अर्धरात्रि में 11.59 बजे संधि पूजा, बलिदान और समापन पुष्पांजलि होगी। 6 अप्रैल को रामनवमी पर सुबह 9 बजे से पूजा, हवन शुरू होगा। 7 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे से महादशमी पूजा, 11.30 बजे सिंदूर उत्सव और शाम 5.30 बजे प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा।

आस्था...

## ढलते सूर्य को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य, आज उदित भास्कर को अर्घ्य देकर करेंगे व्रत का पारण



**भिलाई।** ट्विनसिटी में गुरुवार को चैत्र माह की षष्ठी तिथि को यूपी-बिहार का लोकप्रिय पर्व छठ्ठ पूजा का पहला अर्घ्य शाम को ढलते सूर्य को दिया गया। आज सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ्ठ पूजा का पारण होगा। व्रतधारियों ने बताया कि छठ्ठ का पर्व साल में दो बार मनाया जाता है। एक बार कार्तिक माह और दूसरी बार चैत्र माह में। इस माह मनाए जाने वाले छठ की महत्ता कहीं अधिक है। यह सबसे कठिन व्रत में एक है। चैत्र नवरात्रि के मध्य में यह छठ पूजा मनायी जाती है। यह पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होकर सप्तमी तिथि तक



चलता है। मंगलवार को नहाय खाय के साथ इसकी शुरुआत हो गई थी। पहले दिन छठव्रती चूल्हे पर आम की लकड़ी से अरवा चावल का भात, कद्दु की सब्जी व चना दाल बनाया। दूसरे दिन बुधवार को शाम में खरना की विधि की गई। व्रती अपने क्षेत्र व अपनी परंपरा के अनुसार खीर का प्रसाद आम की लकड़ी के चूल्हे पर बनाया और प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे के कठिन व्रत की शुरुआत हुई। अनुष्ठान के तीसरे दिन गुरुवार को छठव्रतियों ने निर्जला व्रत रखकर शाम को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। आज चौथे दिन सुबह तालाबों व नदियों के किनारे उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ महापर्व समापन हो जाएगा।

श्रीमद् देवी भागवत कथा जारी

## हर व्यक्ति को अपनी आमदनी का एक हिस्सा जरुरतमंदों को अवश्य दान करना चाहिए- आचार्य नीलेश



**भिलाई।** प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी सुमन देवांगन ने मुख्य यजमान तथा सत्यपाल देवांगन एवं उनकी पत्नी इन्दु देवांगन ने सहायक यजमान के रूप में माता परमेश्वरी एवं देवी भागवत पुराण की आरती की। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से दीयों एवं झालरों से सजाया गया है। व्यास पीठ से आचार्य डॉ नीलेश शर्मा ने षष्ठी तिथि को महर्षि वेदव्यास की कथा, राजा हरिश्चन्द्र की कथा, दुर्गा माता का अवतार एवं माता कुष्मांडा की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने सरल एवं रोचक शैली में विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से पौराणिक चरित्रों का वर्णन किया और वर्तमान में उनकी सार्थकता बताई। आज के प्रवचन में आचार्य ने कहा कि आत्म उद्धार के बिना मनुष्य जीवन व्यर्थ है। मन की शुद्धता के लिए तन की स्वच्छता एवं स्वस्थ होना आवश्यक है। तमों गुण, रजो गुण एवं सतों गुण का संतुलन आवश्यक है। स्त्री-पुरुष दोनों ही ईश्वर का अंश है, कोई छोटा बड़ा नहीं है। आचार्य ने 51 शक्ति पीठों का विस्तार से वर्णन कर उसकी महत्ता का वर्णन किया। हर व्यक्ति को अपनी आमदनी का एक हिस्सा जरूरतमंदों को दान करना चाहिए। आज कथा के बाद श्रद्धालु नोहर सिंह देवांगन ने अपने दिवंगत पत्नी स्व सुशीला देवांगन एवं पुत्र स्व प्रशांत देवांगन की आत्मा की मोक्ष के लिए आगामी क्वांर नवरात्रि में श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन करने तथा परमेश्वरी मंदिर में एक ज्योति कक्ष का निर्माण करने की घोषणा की। श्रीमद् देवी भागवत कथा प्रतिदिन परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में 3.30 बजे से आयोजित हो रहा है।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से लोग हुए शामिल

## अफजलुद्दीन हैदर के 46 वें उर्स में उमड़े अकीदतमंद, चादरपोशी और दुआएं की गई

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद अफजलुद्दीन हैदर (रहमतुल्लाह अलैहि) का 46 वां उर्स मुबारक कब्रिस्तान हैदरगंज कैंप-1 में मनाया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व अन्य प्रदेशों से अकीदतमंद बड़ी तादाद में शामिल हुए। आयोजन में मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं की गई। उर्स में सुबह फजर की नमाज के बाद से कुरआन ख्वानी का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद नात व मनकबत पेश की गई। हजरत हैदर की दीनी खिदमत पर मस्जिदों के इमाम ने रौशनी डाली। हजरत हैदर के बेटे और जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम हाफिज अजमलुद्दीन हैदर का बीते साल इंतकाल हुआ है। इस बार उनकी याद का यह पहला उर्स था। अकीदतमंदो में हाफिज हैदर की कब्र पर भी फूल पेश किए और दुआएं की।



### इमामों को दिए गए तोहफे, पेश किए दरूद

उर्स में राजनांदगांव से आए आबिद बिबा ने अपनी तरफ से सभी मस्जिदों के इमाम और मोअज़्जन को कंबल दिए। अमन लकड़ी टाल की ओर से लंगर तकसीम किया गया। कब्रिस्तान कमेटी के जनिब से सभी अकीदतमंदों के लिए सेवईं का इंतज़ाम किया गया। सभी को शीरनी तकसीम की गई। उर्स में 645 मरतबा क़ुरआन शरीफ़ करोड़ो की तादात में दरूद ऐ पाक, लाखो की तादात में पढ़े गए कलमात और दीगर दरूद-वजीफे बख्शे गए।

### सभी मस्जिद ट्रस्ट के सदर पहुंचे



तकरीर के बाद कुल की फातिहा व चादरपोशी की गई और इसके बाद लंगर तकसीम किया गया। इस मौके पर हैदर परिवार ने पहुंचे सभी अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर मो अरशदउद्दीन हैदर, मो असदउद्दीन हैदर, मो हुसामुद्दीन हैदर, मो अदनान हैदर, मो अब्दुल्लाह अरशद, मोइन आसिफ, गुलाम मोइनुद्दीन हैदर, अहद, राशिद और इक़बाल के साथ उर्स में राजनांदगांव से आबिद बिबा, भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर आसिम बेग, मुर्तुज़ा हुसैन, तहूर पवार, ज़फर जावेद, रोमी, शमीम, हफ़ीज़ खान, शाहिद मास्टर, हमीदुल्लाह सिद्दीकी, वज़ी अहमद, जमील कुरैशी, वहीद अहमद, इस्राइल, शब्बू खान, हबीबुल्लाह कुरैशी, कब्रिस्तान कमेटी के सदर ताहिर सिद्दीकी, कैम्प 1 मस्जिद के सदर इरफ़ान खान, सेक्रेटरी नज़रुल खान, वल्लन, जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम इक़बाल अंजुम हैदर, हाफिज मंज़र, मोअज़्ज़िन अनवर, दुर्ग जामा मस्जिद के इमाम नसीम,कैम्प 1 मस्जिद के इमाम गुलाम रसूल, कैम्प-2 मस्जिद के इमाम मुफ़्ती कलीम अशरफ़, मुफ़्ती जलालुद्दीन, मस्जिद हाउसिंग बोर्ड के इमाम ताज़ीम अशरफी, मस्जिद गरीब नवाज़ सुपेला के इमाम रहीमुद्दीन, मक्का मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ि अब्दुल क़य्यूम, मदरसा आला हजरत से ग़ुलाम, मदरसा दावत ऐ इस्लामी से मौलाना कलीम अशरफी, मदरसा मस्जिद अफ़ज़ल उल उलूम के इमाम साहब. नूरुल ,शाकिर, रकीब, प्यारे और फरीदिया मस्जिद, अय्यप्पा नगर मस्जिद, चरोदा मस्जिद , कोहका मस्जिद, भिलाई –तीन मस्जिद व मस्जिद बहार ऐ शरीयत के इमाम ओ ख़तीब सहित अन्य तमाम लोग मौजूद थे।